21 नवम्बर 2026 शनिवार
वर्ष : 20 अंक: 137
पृष्ठ : 8
वाराणसी
काशी संस्करण
मूल्य: 2.00 रूपए

लोक हस्तक्षेप

THE POWER OF TRUTH

हिंदी दैनिक





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का निधन

पीएम मोदी ने फोन पर की बात

एजेंसी, नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी का शुक्रवार को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में उनके पैतृक गांव में निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थीं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम योगी आदित्यनाथ से बात की और उनकी माता के निधन पर शोक व्यक्त किया। गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीएम योगी की मां के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी सावित्री देवी का निधन अत्यंत दुःखद है। मां का जाना जीवन की वह क्षति है, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं



होती। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं योगी जी और समस्त शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सावित्री देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मां का देहांत जीवन के सबसे असहनीय आघातों में से एक है। उन्होंने आदित्यनाथ और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आदित्यनाथ की माता का निधन अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। वहीं उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक तथा यूपी भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी सावित्री देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती और भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने भी सीएम योगी की मां के निधन पर दुख जताया। अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, उप्र के मुख्यमंत्री की पूज्य माता जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है।

पीएम मोदी का आज लखनऊ दौरा

राष्ट्रीय स्तर के 52 टापर्स को करेगें सम्मानित



लखनऊ,संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार शाम 5.30 बजे के बाद राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री यहां पर सम्मानित और अन्य युवाओं को संबोधित करेंगे। कौशल दीक्षांत समारोह पहली बार दिल्ली के बाहर आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार शाम को लखनऊ आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस वर्ष के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) और प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीओटी) के राष्ट्रीय स्तर के 52 टॉपर्स को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित करेंगे। समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री जयंत चौधरी भी मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश के छह टापर्स में तीन सीटीएस और तीन सीआईटीएस के प्रशिक्षार्थी शामिल हैं।

प्रदेश के लिए एक और खास उपलब्धि यह है कि सीआईटीएस के तीनों राष्ट्रीय टापर अलीगंज के प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र के हैं। यह संस्थान वर्ष 2015 से संचालित है और वर्तमान में 23 व्यवसायों में प्रशिक्षण दे रहा है। संस्थान के प्रशिक्षार्थियों ने पिछले वर्षों में भी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार शाम को लखनऊ में आगमन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले कौशल दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्र सरकार के मंत्री, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के साथ योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल के सदस्य और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी को लेकर सुरक्षाबल बेहद मुस्तैद हैं।

बृजभूषण शरण सिंह ने राउज एवेन्यू कोर्ट की सेशन कोर्ट में जवाब दाखिल किया

महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

एजेंसी,नयी दिल्ली । महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट से बरी किए जाने के खिलाफ दायर अपील के मामले में भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने राउज एवेन्यू कोर्ट की सेशन कोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर दिया है।



अदालत ने अपीलकर्ता महिला पहलवानों की ओर से दलीलें सुनने के लिए 27 और 28 नवंबर की तारीख तय की है। वहीं, कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह की ओर से दलीलें सुनने के लिए 5 और 9 दिसंबर की तारीख तय की है। चार महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर को यौन उत्पीड़न के मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट से बरी किए जाने के फैसले को सेशन कोर्ट में चुनौती दी है। तोमर को आपराधिक धमकी के आरोप में बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई है। अपील करने वालों ने कहा है कि ट्रायल कोर्ट का फैसला कानून के हिसाब से टिकने लायक नहीं है और रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों का सही तरीके से आकलन नहीं किया गया है।

3 अगस्त को दिए गए फैसले में एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अश्विनी पंवार ने सिंह और तोमर को बरी कर दिया, यह कहते हुए कि प्रॉसिक्यूशन उनके खिलाफ आरोपों को बिना किसी शक के साबित करने में नाकाम रहा है। यह मामला जनवरी 2023 का है, जब ओलंपियन विनेश फोगट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया समेत कई पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था।



यूपी में नौकरियों की कमी नहीं, 26 जनवरी तक बटेंगे नियुक्तिपत्र : योगी

□ गोरखपुर में 50 हजार युवाओं को मिले टैबलेट,23 विद्यार्थियों को अपने हाथों से दिए टैबलेट
□ 8 हजार लेखपालों, 32 हजार पुलिसकर्मियों और 42 हजार होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया पूरी-सीएम

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत भव्य समारोह में गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज के 50 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं एवं प्रशिक्षणार्थियों को टैबलेट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 23 विद्यार्थियों को अपने हाथों से टैबलेट प्रदान किए देवोत्थान एकादशी के पावन अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा की कि माफियाओं को कुचलने और संगठित अपराध को नष्ट करने के बाद अब प्रदेश सरकार नशे के सौदागरों के खिलाफ बेहद सख्त कार्रवाई प्रारंभ करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने दो दिन पूर्व गोरखपुर में सपा के जुलूस के दौरान दसवीं के छात्र को रौंदे जाने की घटना को यूपी की पहचान पर काला धब्बा बताया। उन्होंने कहा कि अपनी छोटी बहन को स्कूल से लेने जा रहा वह छात्र चौरी-चौरा कांड के क्रांतिकारी पूजन सिंह का प्रपौत्र था। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, पुलिस, खेल और राजस्व विभाग में 16 हजार से अधिक नियुक्तियां हुईं। 8 हजार लेखपालों, 32 हजार पुलिसकर्मियों और 42 हजार से अधिक होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और 26 जनवरी तक औसतन हर पांच से सात दिन में नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। पहले परीक्षाओं में मुन्ना भाई और सैफई सिंडिकेट हावी था, जबकि अब पेपर लीक पर आजीवन कारावास, एक करोड़ रुपये जुर्माना व संपत्ति जब्ती के सख्त कानून के बीच टैलेंट के आधार पर फटाफट भर्ती हो रही है। टैबलेट से जनगणना 2027 की स्वगणना और मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसएसआर के लिए फॉर्म 6, 7 व 8 भरने का आह्वान किया। हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल स्किलिंग एंड एंप्लॉयमेंट जोन बनेगा, जहां युवाओं को जापानी और जर्मन भाषाओं तथा कौशल प्रशिक्षण देकर देश-विदेश के उद्योगों से जोड़ा जाएगा। प्रदेश में स्टार्टअप 120 से बढ़कर 25 हजार हो गए हैं, जिसके लिए एक हजार करोड़ रुपये का फंड ऑफ फंड्स बनाया गया है। ओडीओपी, ओडीओसी और सीएम युवा योजना के तहत दो लाख युवाओं को पांच लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण, 67 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति और कॉलेज स्तर तक अभ्युदय कोचिंग से युवा जॉब क्रिएटर बन रहे हैं।

यूपी की जीएसडीपी तीन गुना होकर 12 लाख करोड़ से 36 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है। 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों से 65 लाख युवाओं को रोजगार मिला।

बलिया में भाजपा किसान मोर्चा के 31 मंडल अध्यक्ष घोषित

जिले की सातों विधानसभाओं में नए अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी गई

नई टीम किसानों के बीच संगठन और सरकारी योजनाएं पहुंचाएगी

लोक हस्तक्षेप समाचार

बलिया। भारतीय जनता पार्टी ने जिले में किसान मोर्चा के संगठन को मजबूत बनाने के लिए सातों विधानसभा क्षेत्रों के 31 मंडलों के अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिजीत तिवारी 'बब्लू' ने शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्र की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी की सहमति से नई टीम की घोषणा की।

घोषित सूची के अनुसार बेल्थरारोड विधानसभा में अनिल सिंह, सीयर में आशुतोष सिंह, नगरा में राजेश कुमार सिंह, भीमपुरा में विपिन मिश्रा और मालीपुर में सुनील तिवारी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। रसड़ा विधानसभा में ओम प्रकाश सिंह (रसड़ा नगर), अखिलेश सिंह (रसड़ा पूर्वी), विजय बहादुर सिंह (रसड़ा पश्चिमी), शैलेन्द्र कुमार चौबे (चिलकहर) और प्रकाश श्रीवास्तव (चोगड़ा) को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी क्रम में सिकंदरपुर विधानसभा में रामाशंकर वर्मा, नीरज पाण्डेय, राम दहिन यादव और सौरभ सिंह को क्रमशः सिकंदरपुर, नवानगर, पन्दह और खेजूरी मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है।

फेफना विधानसभा में संजय सिंह (सागरपाली), परमानन्द पाण्डेय (चितबड़ागांव), संतोष सिंह (सोहांव) और अजय सिंह (गड़वार) को जिम्मेदारी मिली है।

बलिया नगर विधानसभा में अवधेश चौबे, अंजनी राय, नागेश्वर सिंह और कमलेश मिश्रा को क्रमशः बलिया नगर, हनुमानगंज, दुबहड़ और छाता मंडल का अध्यक्ष घोषित किया गया है।

बांसडीह विधानसभा में गोपाल जी गुप्ता, राजेश सिंह, सत्येन्द्र पाठक 'लड्डू', अनुज सिंह और कृष्ण कुमार वर्मा 'बन्टी' को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं बैरिया विधानसभा में राजमंगल ठाकुर, प्रशान्त उपाध्याय, धर्मेन्द्र पाण्डेय 'टिंकू' और अभिषेक तिवारी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। सूची जारी होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह है। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नई टीम किसानों के बीच संगठन की पकड़ मजबूत करने के साथ केंद्र और प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को गांव–गांव तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

गोला बजाज चीनी मिल में बकाया भुगतान को लेकर उबाल, डोंगे में उतरे किसान नेता

लोक हस्तक्षेप समाचार

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी), संवाददाता। पिछले पेराई सत्र के करीब 172 करोड़ रुपये के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान और नए सत्र में 100 रुपये प्रति क्विंटल अग्रिम भुगतान की मांग को लेकर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ताओं और किसानों ने गोला स्थित बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल परिसर में जोरदार धरना–प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित किसान नेता मिल के गन्ना डोंगे में उतर गए और नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे मिल परिसर में हड़कंप मच गया। किसानों का कहना था कि पिछला भुगतान न होने से वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक और मिल अधिकारियों ने किसानों से वार्ता की। अधिकारियों द्वारा जल्द भुगतान का आश्वासन दिए जाने और समझा–बुझाकर शांत कराने के बाद किसान डोंगे से बाहर निकले।

पर्चियां न जारी करने की मांग भी उठी

इससे पूर्व भारतीय किसान यूनियन (अमन संघू) और भाकियू (चढ़ूनी) के पदाधिकारियों ने भी तहसील मुख्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। किसान नेताओं ने मांग की कि जब तक मिल प्रशासन पिछले सत्र के बकाया धनराशि का भुगतान नहीं करता, तब तक नए पेराई सत्र की गन्ना पर्चियां जारी न की जाएं।

गन्ना प्रजाति विवाद को लेकर खंभारखेड़ा चीनी मिल का संचालन ठप, किसानों का हंगामा

लोक हस्तक्षेप समाचार

लखीमपुर खीरी, संवाददाता। गन्ने की प्रजाति ₹9709 की खरीद को लेकर उपजे विवाद के बाद शुक्रवार को खंभारखेड़ा स्थित बजाज चीनी मिल में किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। मिल प्रशासन द्वारा इस प्रजाति को अगेती (अली) के बजाय सामान्य प्रजाति बताकर तौलने से इनकार करने पर आक्रोशित किसानों ने हंगामा करते हुए मिल का पेराई संचालन ठप कर दिया। किसानों का आरोप है कि उन्होंने अगेती प्रजाति मानकर इस गन्ने की बुवाई की थी, लेकिन अब मिल प्रबंधन मनमानी करते हुए इसे सामान्य श्रेणी में बताकर खरीद में आनाकानी कर रहा है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक गन्ना प्रजाति को लेकर स्पष्ट निर्णय नहीं लिया जाता और तौल सुचारू नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

डा. सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 क्रिकेट लीग में यूथ क्लब ने कोल्ट्स क्लब को 13 रनों से हराया

रुद्र प्रताप की शानदार बल्लेबाजी और सौरभ यादव के ऑलराउंड प्रदर्शन से यूथ क्लब को मिली जीत

लोक हस्तक्षेप समाचार

उन्नाव। जिला क्रिकेट एसोसिएशन उन्नाव द्वारा आयोजित डॉ. सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर–16 जनपदीय क्रिकेट लीग 2026–27 के अंतर्गत आज एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड आशा खेड़ा, नवाबगंज,उन्नाव में यूथ क्लब एवं कोल्ट्स क्लब के मध्य मुकाबला खेला गया। रोमांचक मुकाबले में यूथ क्लब ने कोल्ट्स क्लब को 13 रनों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की।टॉस जीतकर कोल्ट्स क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले



बल्लेबाजी करते हुए यूथ क्लब ने निर्धारित 35 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए। यूथ क्लब की ओर से रुद्र प्रताप ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 53 रन बनाए। अविराट त्रिवेदी ने 34 तथा सौरभ यादव ने 23 रनों का योगदान दिया।कोल्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए यश सिंह और ओम शर्मा ने 2–2 विकेट प्राप्त किए।182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोल्ट्स क्लब की टीम यूथ क्लब के गेंदबाजों के सामने 168 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कोल्ट्स क्लब की ओर से कृष्णा शर्मा ने 36, फहाद अली ने 29 तथा वली मतीन ने 26 रनों की पारी खेली। यूथ क्लब की ओर से गेंदबाजों नेअनुशासित प्रदर्शन करते हुए टीम को 13 रनों से जीत दिलाई। जिसमें सौरभ यादव ने 4, आशीष गौतम ने 3 तथा फ्रेंड्स हुसैन ने 2 विकेट प्राप्त किए।मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए 'सौरभ यादव को प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार वरिष्ठ खिलाड़ी शंकर श्रीवास्तव ने दिया। इस अवसर पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा, उपाध्यक्ष नवीन सिन्हा कोषाध्यक्ष एवं प्रतियोगिता मंत्री ओम मिश्रा, शाकिर हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।कल प्रतियोगिता का आखरी लीग मैच अगस्त क्लब और यू सी सी के मध्य एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी आशा खेड़ा नवाबगंज उन्नाव में प्रातः 9 बजे से खेला जाएगा।

ब्रांडेड मोंगिनीस केक शॉप का हुआ उद्घाटन दिग्गज नेता और अधिकारी रहे मौजूद



लोग हस्तक्षेप समाचार

उन्नाव। शहर में ब्रांडेड केक और बेकरी उत्पादों के शौकीनों के लिए नई सौगात मिली है। उन्नाव में मशहूर ब्रांड मोंगिनीस केक शॉप का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में शहर के कई दिग्गज नेता, अधिकारी और गणमान्य नागरिक पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस दौरान दुकान को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। उद्घाटन समारोह में पहुंचे अतिथियों का प्रतिष्ठान के संचालकों की ओर से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने नई शुरुआत के लिए संचालकों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि यह केक शॉप शहरवासियों को बेहतर गुणवत्ता वाले केक, पेस्ट्री और बेकरी उत्पाद उपलब्ध कराने में अपनी भूमिका निभाएगी। मोंगिनीस ब्रांड के इस नए प्रतिष्ठान के खुलने से अब उन्नाव के लोगों को जन्मदिन, शादी की सालगिरह और अन्य खास मौकों के लिए विभिन्न प्रकार के केक और बेकरी उत्पादों का विकल्प मिलेगा। उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय गणमान्य लोगों की मौजूदगी से कार्यक्रम खास रहा। प्रतिष्ठान के संचालकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए शहरवासियों को अपनी सेवाएं देने की बात कही।

सोशल मीडिया पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ कथित आपत्तिजनक पोस्ट का आरोप कोतवाली में दी तहरीर

क्रांतिकारी विचार मंच के संरक्षक अनिल कुमार सिंह ने पुलिस से की एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

सीतापुर। क्रांतिकारी विचार मंच के संरक्षक अनिल कुमार सिंह ने शहर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। 20 नवंबर 2026 को दिए गए प्रार्थना पत्र में अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वह क्रांतिकारी विचार मंच के संरक्षक हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह हैं। संगठन सामाजिक गतिविधियों और जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रहता है। संगठन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से क्षेत्र के विकास और विभिन्न सामाजिक समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाता रहा है।

शिकायतकर्ता के अनुसार 19 नवंबर 2026 को लगभग 11 बजे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह के संबंध में जय किशन सिंह राठौर द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कथित तौर पर आपत्तिजनक पोस्ट की गई। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि पोस्ट में राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ धमकी और अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने इस पोस्ट को आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि इससे संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है।

प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि इस प्रकार की पोस्ट से संगठन की सामाजिक गतिविधियों और कार्यकर्ताओं के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट की जांच कर उसके वास्तविक तथ्यों का पता लगाने तथा संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। अनिल कुमार सिंह ने शहर कोतवाली प्रभारी से पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है। फिलहाल पुलिस की ओर से इस शिकायत पर की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

मां चंडिका धाम पर 101 फीट ऊंची धर्म ध्वजा स्थापित, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

देवोत्थानी एकादशी पर शतक नींव पूजन समारोह का हुआ आयोजन

लोक हस्तक्षेप समाचार

उन्नाव। बक्सर स्थित मां चंडिका धाम में शुक्रवार, 20 नवंबर को देवोत्थानी एकादशी के पावन अवसर पर ऐतिहासिक शतक नींव पूजन एवं 101 फीट ऊंची भव्य धर्म ध्वजा स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मां चंडिका के दर्शन कर धर्म ध्वजा स्थापना के साक्षी बने। आयोजन के दौरान पूरा धाम भक्तिमय माहौल में नजर आया। जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से परिसर गूंज उठा। आयोजकों के अनुसार, इस अभियान को जनसहभागिता से आगे बढ़ाया गया। इसमें क्षेत्र के



लोगों ने एक–एक रुपये और एक मुट्ठी अक्षत का योगदान देकर अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में पूर्व प्रांत प्रचारक संजय जी, वरिष्ठ प्रचारक वीरेंद्र जी, भारतीय मजदूर संघ के राजेश सिंह सेंगर, नीरज गौतम, विवेकानंद भारत भारती के संगठन मंत्री महिरध वज, ओम शंकर त्रिपाठी, आचार्य दीपक राजे, भास्करानंद सरस्वती, पूत सिंह, अजीत त्रिवेदी और विवेक मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के आमंत्रक एवं अभियान के प्रमुख सूत्रधार शिक्षाविद् एवं सामाजिक उद्यमी अनुराग त्रिवेदी ने अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मां चंडिका धाम की धर्म ध्वजा किसी एक व्यक्ति या परिवार का नहीं, बल्कि पूरे भगवंत नगर विधानसभा क्षेत्र की सामूहिक आस्था और समर्पण का प्रतीक है। इस अभियान का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ना है। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवक और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। आयोजकों ने इसे

बुलडोजर से कुचलकर किशोर की मौत मामले में पांच लोगों की गिरफ्तारी

संवाददाता,गोरखपुर। गोरखपुर में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोडशो के बाद, 14 साल के लड़के की कथित तौर पर



बुलडोजर से कुचलकर मौत के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार देर रात जेसीबी ड्राइवर समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई 14 साल के लड़के की मौत के सिलसिले में की गई, जिसे गोरखपुर में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोडशो के बाद कथित तौर पर एक बुलडोजर ने कुचल दिया था। समाजवादी पार्टी के नेता साजिद यादव को इस मामले में पूछताछ के लिए उनके घर से एम्स पुलिस थाने लाया गया। उनके परिवार ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर दावा किया कि पुलिसकर्मियों ने उनके घर को घेर लिया था। साधु यादव का नाम प्राथमिकी में दर्ज है। उनकी पत्नी चिंता यादव ने सपा के टिकट पर कैंपियरगंज से विधानसभा चुनाव लड़ा था। साधु यादव आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं और उन्होंने पार्टी से टिकट के लिए आवेदन भी किया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) निमिष पाटिल ने पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

सीएमओ ऑफिस में जांच में खुलासा : अरीशा अल्ट्रासाउंड सेंटर का रजिस्ट्रेशन ही नहीं, फिर भी रिपोर्ट पर छपा है PCPNDT नंबर


लोक हस्तक्षेप समाचार

खागा (फतेहपुर)। हरदो चौराहा, खागा में संचालित अरीशा अल्ट्रासाउंड सेंटर के मामले में अब नया खुलासा सामने आया है। शिकायतकर्ता द्वारा सीएमओ ऑफिस में कराई गई जांच में पता चला है कि इस सेंटर का अभी तक कोई रजिस्ट्रेशन ही नहीं हुआ है। फाइल अभी तक डीएम के यहां तक नहीं पहुंची है। इसके बावजूद सेंटर की रिपोर्ट पर DM/CMO Reg- No- P-C-P-N-D-T-/26 छापकर मरीजों को गुमराह किया जा रहा है।

रिपोर्ट पर छपा नंबर बना सवाल

शिकायतकर्ता को मिली अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट पर ऊपर साफ–साफ लिखा है – अरीशा अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर, गुरुगउला मोड़ के सामने, दरिया मऊ, विजई पुर रोड, खागा. फतेहपुर और दाहिने कोने में DM/CMO Reg- No- P-C-P-N-D-T-/26 लिखा है।

लेकिन सीएमओ ऑफिस में जांच में पता चला कि इस नाम से कोई रजिस्ट्रेशन फाइल ही स्वीकृत नहीं हुई है। सवाल ये



ULTRASOUND SCANNING RECORD OF WHOLE ABDOMEN

है कि जब रजिस्ट्रेशन ही नहीं हुआ, तो रिपोर्ट पर रजिस्ट्रेशन नंबर छापा किसकी अनुमति से गया? क्या ये नंबर फर्जी है?

फार्मासिस्ट बन रहे हैं प्रो. डॉ.

दूसरा बड़ा आरोप सेंटर के पोस्टर से जुड़ा है। पोस्टर में साफ लिखा है –

प्रो. डॉ. अजमल खान, मो. 9956347268

संचालक – DrÛ Om Tripathi

आरोप है कि अजमल खान कौशाम्बी में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात हैं, फिर भी अपने नाम के आगे प्रो. डॉ. लिखवा रहे हैं। फार्मासिस्ट होते हुए डॉक्टर की उपाधि लिखना और अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाना नियमों का गंभीर उल्लंघन बताया जा रहा है। सेंटर के पोस्टर में अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स–रे, पैथोलॉजी, ईसीजी, गर्भावस्था स्कैन, NT, छठ, Anomaly Scan का दावा किया गया है। पता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास हरदो चौराहा खागा लिखा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना रजिस्ट्रेशन के अल्ट्रासाउंड करना सिर्फ कागजी गड़बड़ी नहीं है, ये मरीजों की जान से खिलवाड़ है। गलत रिपोर्ट के आधार पर गलत इलाज हो सकता है। गर्भवती महिलाओं के स्कैन में तो PCPNDT कानून का पालन सबसे ज्यादा जरूरी है। लोगों ने मांग की है कि फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर छापने पर सेंटर के खिलाफ FIR हो। सेंटर को तत्काल सील किया जाए। प्रो. डॉ. लिखने वाले फार्मासिस्ट के खिलाफ विभागीय कार्रवाई हो।डीएम, फतेहपुर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराएं। अब सवाल सीएमओ ऑफिस पर भी उठ रहा है कि जब फाइल डीएम के यहां गई ही नहीं, तो सेंटर इतने दिन से खुले आम कैसे चल रहा था? स्वास्थ्य विभाग इस पर क्या कार्रवाई करता है, इस पर सबकी नजर है।

यूपी बोर्ड के 65 परीक्षा केंद्र तय,53 आपत्तियों के निस्तारण के बाद तीन नए स्कूल शामिल

बांदा,संवाददाता। जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा 2027 के लिए 65 परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। इन केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के कुल 43,265 छात्र–छात्राएं परीक्षा देंगे। केंद्रों की अनंतिम सूची पर आई 53 आपत्तियों की जांच और निस्तारण जिला स्तरीय केंद्र निर्धारण समिति ने किया। इसके बाद संशोधित सूची बोर्ड को भेजी गई, जिस पर अब मुहर लग गई है। पहले जिले में 67 परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी हुई थी। इस पर केंद्र बनाने, स्कूलों को सूची से बाहर रखने और केंद्रों की दूरी समेत अन्य मुद्दों को लेकर 53 आपत्तियां आई थीं। अंतिम सूची में आभा सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतरहट और रामसजीवन इंटर कॉलेज कलवरिया समेत 3 नए स्कूल शामिल किए गए हैं।

ददरी मेले में पशु तस्करों पर शिकंजा नंदीग्राम बाजार में बढ़ी पुलिस निगरानी

संदिग्धों की सूची तैयार, पासों का सत्यापन जारी मेले में 2500 से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात

लोक हस्तक्षेप समाचार

बलिया। ऐतिहासिक ददरी मेले के नंदीग्राम पशु बाजार में गोवंशीय पशुओं की तस्करी रोकने के लिए पुलिस निगरानी बढ़ा रही है। मेले में पशु तस्करी में पहले संलिप्त रहे लोगों के पहुंचने की सूचना के बाद संदिग्धों को चिह्नित कर उनकी सूची तैयार की जा रही है।

नगर पालिका प्रशासन पशु व्यापारियों को पास जारी कर रहा है। पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि पास का इस्तेमाल तस्करी के लिए न हो। जिले के अन्य क्षेत्रों में पशुओं से लदे पकड़े गए वाहनों के स्वामियों द्वारा प्रस्तुत पास का भी सत्यापन होगा। पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने कहा कि मेले की आड़ में गोवंशीय पशुओं की तस्करी नहीं होने दी जाएगी और संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई होगी।

स्वाड और जिले की डाग स्क्वाड टीम तैनात होगी। करीब एक माह चलने वाले मेले में जोन से अतिरिक्त बल बुलाया जाएगा। 2500 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की तैयारी है। लावारिस बैग, पैकेट और संदिग्ध वस्तुओं पर नजर रहेगी। मीना बाजार में वाच टावर और हाई रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। चार पार्किंग स्थल, पुलिस थाना और चौकी स्थापित किए जाएंगे। पशु मेला 30 नवंबर तक और मीना बाजार 24 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा। 23 व 24 नवंबर को शिवपुर घाट पर कार्तिक पूर्णिमा स्नान प्रस्तावित है। एसपी ने बताया कि श्रद्धालुओं और मेलार्थियों की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं।

यूपी 34 प्रीमियर लीग सीजन-2 के लीग मुकाबले संपन्न

लोक हस्तक्षेप समाचार

सीतापुर। राजा कॉलेज मैदान में आयोजित यूपी 34 प्रीमियर लीग सीजन–2 (2026) के पांचवें दिन क्रिकेट प्रेमियों को पांच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इसके साथ ही टूर्नामेंट के सभी लीग मुकाबले संपन्न हो गए। प्रतियोगिता में शामिल 16 टीमों में से आठ टीमें बाहर हो गईं जबकि शानदार प्रदर्शन करने वाली आठ टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा महिला मोर्चा की तैयारियां तेज

- प्रदेश की 403 विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास कर मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करेंगी बहनें
- मुख्यमंत्री योगी की मां के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि



संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवासी बैठक शुक्रवार को विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुई। भाजपा उत्तर प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश सह प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद मेधा कुलकर्णी, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी तथा मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने मातृशक्ति से सीधा सम्पर्क और संवाद स्थापित करने के लिए महिला विस्तारक बहनों के साथ संवाद किया। बैठक में गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, बिहार, झारखंड, राजस्थान एवं महाराष्ट्र सहित आठ राज्यों से 403 महिला विस्तारक बहनों ने सहभागिता की। बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने महिला विस्तारक बहनों का मार्गदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित योजनाओं को मातृशक्ति के बीच पहुंचाने और आगामी चुनाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूज्य माताजी सावित्री देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने दिवंगत पुण्यात्मा की शांति तथा शोकाकुल मुख्यमंत्री जी एवं उनके परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में महिला विस्तारक बहनों को प्रवास के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क अभियान को गति देना है।

बहनों को घर–घर पहुंचकर आमजन एवं मतदाताओं से सीधा संवाद करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने का काम करना है। महिलाओं को संगठन से जोड़कर बूथ स्तर तक भाजपा की पहुंच और प्रभाव को और अधिक मजबूत बनाना है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव केवल राजनीतिक तैयारी नहीं, बल्कि संगठन की सामूहिक शक्ति, जनविश्वास और जनसंपर्क का व्यापक अभियान है। इसमें महिला शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में बहनें सिर्फ महिला कार्यकर्ता नहीं हैं बल्कि वे भाजपा की स्टार प्रचारक हैं। मातृशक्ति के साथ संवाद करके उन्हें भाजपा की विचारधारा तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम करना है।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार में भयमुक्त उत्तर प्रदेश है और मां, बहन, बेटियां सुरक्षित हैं। यही संदेश लेकर माता, बहनों के साथ संवाद करना है।

प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि विस्तारक बहनें अपने अनुभव और संगठनात्मक कौशल के साथ उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के विचार एवं सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच पहुंचे।

प्रदेश सह प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य डा. मेधा कुलकर्णी ने कहा कि महिला मोर्चा की बहनें प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संगठन की मजबूत कड़ी बनकर कार्य करेंगी। प्रदेश में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के संकल्प के साथ मातृशक्ति पूरी ताकत से मैदान में उतरेगी।

महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा रूप कुमार चौधरी ने कहा कि मातृशक्ति भाजपा की नीतियों, नेतृत्व और विकास के संकल्प को जन–जन तक पहुंचाने के लिए पूरी ऊर्जा एवं प्रतिबद्धता के साथ तैयार है।

प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा सरोज कुशवाहा ने कहा कि संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं का परिश्रम और मातृशक्ति का संकल्प आगामी चुनाव में भाजपा की विजय का मजबूत आधार बनेगा।

लोकतंत्र को कमजोर कर रही है भाजपा : आराधना मिश्रा मोना

संवाददाता

लखनऊ/शाहजहाँपुर। आज शाहजहाँपुर मे मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्राश मोनाश ने दिलाती है कि जब भी कोई चुनौती आपके सामने होगी आपकी बहन आपके आगे खड़ी रहेगी, सरकार तो बनेगी, लेकिन आज भी कार्यकर्ता के सम्मान में कोई कमी नहीं आने पायेगी,



और समाज के लोगों के वोट की रक्षा करे. आज के इस मंडलीय सम्मेलन में बरेली, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, बदायूँ जनपद के हजारों की संख्या मे कार्यकर्ता शामिल रहे.

पूर्व विधायक श्रीमती लुईस खुर्शीद जी ने संविधान संवाद सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब गंगा जमुनी तहजीब के मानने वाले है जिस गंगा में मुस्लिम बजु और हिन्दू स्नान करते है राहुल गांधी जी इसी भाईचारे और संस्कृति को बचाने में लगे है!

राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश कुणाल चौधरी ने कहा कि हम सब अपनी अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना के साथ है और उनके द्वारा दिये निर्देश का पालन करते हुए प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकने और गठबंधन की सरकार उत्तर प्रदेश में बनाने का काम करेंगे!

सम्मेलन में बरेली, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, बदायूँ के जिला, शहर अध्यक्ष और हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे.

कहा कि ये धरती राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां की धरती है, अमर शहीदों के बलिदान से देश आजाद हुआ, उन्होंने कहा आज जिस तरह आप लोगों को हर प्रकार से प्रताड़ित किया गया लेकिन आप लोगों ने तिरंगा अपने सीने से लगाए रखा, आज आपकी बहन आपको विश्वास दिलाती है कि जब भी कोई चुनौती आपके सामने होगी आपकी बहन आपके आगे खड़ी रहेगी, सरकार तो बनेगी, लेकिन आज भी कार्यकर्ता के सम्मान में कोई कमी नहीं आने पायेगी,

उन्होंने कहा कि जब जब इस देश को जाति, धर्म के नाम पर बाँटने का काम किया गया तब तब देश कमजोर हुआ है.

उन्होंने कहा आज जो लोग सत्ता में हैं संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं, राहुल जी का आवाहन है कि हम सभी अपने परिवार और समाज के लोगों के वोट की रक्षा करे. आज के इस मंडलीय सम्मेलन में बरेली, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, बदायूँ जनपद के हजारों की संख्या मे कार्यकर्ता शामिल रहे.

सीएम योगी की माँ के निधन पर रालोद नेता अनिल दुबे ने व्यक्त की शोक संवेदना

लोक हस्तक्षेप समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूजनीया माताजी श्रीमती सावित्री देवी जी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि यह अत्यंत दुःखद एवं मर्माहत करने वाला है।

उन्होंने कहा कि मां का साया सिर से उठ जाना जीवन की सबसे बड़ी पीड़ाओं में से एक है। इस कठिन एवं दुःखद समय में मेरी संवेदनाएं माननीय मुख्यमंत्री जी और उनके समस्त परिवार के साथ हैं उन्होंने प्रभु से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति एवं धैर्य देने की प्रार्थना की है।

ज्ञानवापी प्रकरण में जिला जज ने सुनवाई की अगली तिथि दो दिसंबर मुकर्रर की

वाराणसी,संवाददाता। ज्ञानवापी स्थित मां श्रृंगार के नियमित दर्शन–पूजन की इजाजत देने व किरण सिंह की ओर से बंद तहखानों का एएसआइ सर्वे करने की मांग समेत अन्य लंबित मुकदमों की शुक्रवार को जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत में सुनवाई टल गई। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ज्ञानवापी के ही मामले में 12 दिसंबर 2024 को पारित आदेश के दृष्टिगत सभी मामलों में अगली सुनवाई के लिए जिला जज ने दो दिसंबर की तिथि मुकर्रर कर दी।

बता दें कि वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से दाखिल एक रिट याचिका 1246/2020 में सुप्रीमकोर्ट द्वारा 12 दिसंबर 2024 को पारित आदेश में ज्ञानवापी से संबंधित लंबित मुकदमों में अगले आदेश तक कोई भी प्रभावी अंतरिम अथवा अंतिम आदेश पारित न करने का अधीनस्थ न्यायालयों को आदेश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया कि जिस मुकदमे में प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट (उपासना स्थल अधिनियम)का मामला शामिल है उसमें अगले आदेश तक कोई प्रभावी अथवा अंतरिम आदेश पारित न किया जाए। मां श्रृंगार गौरी की नियमित दर्शन–पूजन की इजाजत देने को लेकर पांच महिलाओं राखी सिंह,रेखा पाठक,मंजू व्यास,सीता साहू,लक्ष्मी देवी की ओर से दाखिल मुकदमा में चोलापुर थाना क्षेत्र के महमुदपुर गांव निवासी जयप्रकाश रामचन्दर राजभर ने पक्षकार बनाने की 24 मई 2025 को जिला जज की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। जयप्रकाश ने उक्त प्रार्थना पत्र को वापस लेने की इजाजत देने की अदालत से अपील की है।

ट्रेन हादसे का मॉक ड्रिल,गैस कटर से काटी बोगी की खिड़की, फंसे यात्रियों को निकाला

वाराणसी,संवाददाता। वाराणसी में रेल यात्रियों की सुरक्षा और संभावित ट्रेन हादसों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए शुक्रवार को विशाल मॉक ड्रिल आयोजित की गई। वाराणसी जंक्शन (कैंट) और बनारस रेलवे स्टेशन के बीच स्थित कोचिंग डिपो के पास ट्रेन डिरेलमेंट का कृत्रिम हादसा दिखाकर राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे (एनईअसार), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की टीमों ने हिस्सा लिया। अभ्यास के दौरान कंट्रोल रूम को सूचना दी गई कि कोचिंग डिपो के पास ट्रेन पटरी से उतर गई है और कई यात्री बोगी में फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही रेल प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। कुछ ही मिनटों में सायरन बजने लगे और दुर्घटना राहत यान (एआरटी), मेडिकल वैन तथा बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर अभियान की निगरानी की। बनारस मण्डल के अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालक अशोक कुमार वर्मा ने बताया अभ्यास को वास्तविक रूप देने के लिए दुर्घटनाग्रस्त बोगी के भीतर डमी यात्रियों को रखा गया था। जो दरवाजे जाम होने के कारण अंदर फंस गए थे। एनडीआरएफ और रेलवे की तकनीकी टीम ने आधुनिक गैस कटर और हाइड्रोलिक उपकरणों की मदद से बेहद सावधानीपूर्वक बोगी की खिड़की को काटा। इसके बाद स्ट्रेचर और रस्सियों के सहारे अंदर फंसे सभी श्चायत्रिक यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद मेडिकल टीम ने तत्काल प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) देकर गंभीर रूप से घायल डमी मरीजों को एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल के लिए रवाना किया। अशोक कुमार वर्मा ने बताया इस पूरे ऑपरेशन के दौरान आपदा प्रबंधन के हर छोटे–बड़े पहलू की बारीकी से जांच की गई। इसमें सूचना तंत्र की सक्रियता, घटनास्थल तक राहत टीमों के पहुंचने में लगा समय, भीड़ नियंत्रण, घायल यात्रियों की ट्राइएज (गंभीरता के आधार पर वर्गीकरण) और विभिन्न विभागों के बीच तालमेल को परखा गया।

दिन में तेज धूप खिली कल बारिश के आसार

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में शुक्रवार सुबह हल्की धुंध के बाद मौसम साफ हो गया। दिन में तेज धूप खिली रही। मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। गुरुवार को भी अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बीच शहर की हवा की गुणवत्ता में गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार सुबह छह मॉनिटरिंग स्टेशनों का औसत एक्यूआई 168 रहा। गुरुवार शाम पांच बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों में औसत एक्यूआई 154 दर्ज किया गया था। यानी एक दिन में एक्यूआई में 14 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। शहर के ज्यादातर इलाके यलो जोन में हैं। केंद्रीय विद्यालय अलीगंज का एक्यूआई 217 दर्ज किया गया, जो ऑरेंज जोन में है। वहीं, कुकरैल पिकनिक स्पॉट–1 में एक्यूआई 80 रहा। यहां हवा सबसे साफ और ग्रीन जोन में दर्ज की गई। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान अकवान का असर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले कौशल दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी उपस्थित रहेंगे।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या गीता विश्वकर्मा ने की महिला जनसुनवाई, समाधान के लिए दिया निर्देश

वाराणसी,संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या गीता विश्वकर्मा ने शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई कर महिलाओं की विभिन्न समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रसारित किया और अधिकारियों को स्वरोजगार अवसरों का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि शनिवार, 21 नवंबर को विकास खंड हरहुआ में सभी विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से जागरूकता चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इस चौपाल के माध्यम से स्थानीय महिलाओं और नागरिकों को सरकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और सुविधाओं के बारे में सीधे जानकारी प्रदान की जाएगी। जनसुनवाई और समीक्षा बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, पुलिस उपायुक्त (महिला अपराध), बाल विकास परियोजना अधिकारी राकेश बहादुर, प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक, महिला कल्याण विभाग की संक्षण अधिकारी निरुपमा सिंह, उर्दू अनुवादक रशीदा बेगम, सेंटर मैनेजर (घोलपुर) पूजा सिंह, सेंटर मैनेजर (पिंडरा) नेहा सिंह, हब फॉर वूमेन एम्पावरमेंट की प्रियंका राय, केस वर्कर (रामनगर) पूजा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलवी उपस्थित रहे। इसके अलावा स्वास्थ्य, पंचायत, श्रम, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा पिछड़ा कल्याण विभाग के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया।

जल जीवन मिशन में 15 हजार करोड़ का घोटाला : संजय सिंह

लखनऊ,संवाददाता। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने यूपी में जल जीवन मिशन के तहत हुए कामों में 15 हजार करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गांवों तक पानी पहुंचाने की योजना के नाम पर सरकारी धन की लूट हुई। बिना काम किए करीब 15 हजार करोड़ रुपए निकाल लिए गए। संजय सिंह ने विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सवाल उठाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। केंद्र की जांच एजेंसियां भी मामले में चुप हैं। संजय सिंह ने कासगंज, बस्ती, सीतापुर और बस्ती में पानी की टंकियां गिरने का जिक्र किया। उन्होंने खुदाई के नाम पर घोटाले और ब्लैकलिस्टेड कंपनियों से सामान खरीदने का आरोप लगाया। बस्ती में टंकी बनाने वाली कंपनी को हैदराबाद में करोड़ों का टेंडर मिलने पर भी सवाल उठाए। संजय सिंह ने नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि कंपनी ने भाजपा को 60 करोड़ रुपए का चंदा दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद कंपनी को टेंडर कैसे मिल रहे हैं।

उन्होंने ईडी की भूमिका पर भी सवाल उठाए। दावा किया कि 14 सितंबर को ईडी ने विभाग से भ्रष्टाचार से जुड़ी रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पूछा कि कंपनी के खिलाफ जांच आगे क्यों नहीं बढ़ी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय सिंह ने गोरखपुर की घटना का जिक्र करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मामले में परिवार को भड़काने का काम कर रहे हैं। सांसद ने बिना जांच हत्या का आरोप लगाने और हादसे पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज जारी कर पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई है। संजय सिंह ने लखनऊ के अर्जुनगंज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफिले से जुड़े हादसे का मुद्दा उठाया। उन्होंने दावा किया कि हादसे में मां–बेटे की मौत हुई थी। सवाल किया कि मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई? आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोगों के मामलों में कार्रवाई नहीं होती, जबकि अन्य मामलों में पुलिस तत्काल कार्रवाई करती है। आप सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज कराए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके कार्यालय वाले मकान के मालिक को भी डराया और धमकाया गया। संजय सिंह ने कहा कि सरकार की आलोचना करने वालों को निशाना बनाया जा रहा है।

पीएम नरेंद्र मोदी आज लखनऊ में

लखनऊ,संवाददाता। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 21 नवम्बर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले कौशल दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी उपस्थित रहेंगे।

हरि प्रबोधिनी एकादशी एवं तुलसी विवाह के पावन अवसर पर श्री बद्रीनारायण मंदिर में भगवान का श्रृंगार

वाराणसी,संवाददाता। कार्तिक शुक्ल पक्ष की हरि प्रबोधिनी एकादशी (देवोत्थान एकादशी) एवं पावन तुलसी विवाह के शुभ अवसर पर शुक्रवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर स्थित प्राचीन श्री बद्रीनारायण मंदिर में भगवान श्री विष्णु के स्वरूप भगवान श्री बद्रीनारायण का अत्यंत मनोहारी एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया। इस पावन अवसर पर मध्याह्न 12.30 बजे भगवान श्री बद्रीनारायण का षोडशोपचार पूजन वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि–विधान के साथ संपन्न हुआ। तदुपरांत 11 शास्त्रियों द्वारा सामूहिक रूप से वैदिक परंपरा के अनुसार पुरुषसूक्त का सस्वर पाठ किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर हर–हर महादेव एवं हरि–हर के जयघोष से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री बद्रीनारायण के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पूजन–अर्चन किया तथा पुण्य लाभ प्राप्त किया। हरिप्रबोधिनी एकादशी एवं तुलसी विवाह के इस पावन अवसर पर मंदिर में संपन्न धार्मिक अनुष्ठान ने वैदिक परंपराओं एवं सनातन धार्मिक संस्कृति की दिव्यता को अभिव्यक्त किया।

लोहे के पोल से लटका मिला बैंककर्मी का शव

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के महिंगवां थाना क्षेत्र के इंदारा गांव में 55 वर्षीय बैंककर्मी अशोक मिश्रा का शव घर के पीछे टीनशेड के लोहे के पोल से लटका मिला। शव कपड़े के फंदे से लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अशोक मिश्रा, हृदय नारायण मिश्रा के बेटे थे। वह माल थाना क्षेत्र के नवी पनाह स्थित आर्यावर्त बैंक में संविदाकर्मी के तौर पर काम करते थे। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे परिजनों ने घर के पीछे उनका शव लटका देखा।

सपा मुख्यालय के बाहर लगी होर्डिंग, 'जो भाजपा के साथ है वह दलित के खिलाफ है'

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर होर्डिंग लगाई गई है। इसमें भाजपा की लाठी के मुकाबले सपा के लैपटॉप को आगे रखते हुए सरकार पर निशाना साधा गया है। होर्डिंग में लिखा गया है कि लाठी हारेगी, लैपटॉप जीतेगा। इसके आगे 'जो भाजपा के साथ है वह दलित के खिलाफ है' लिखा गया है। यह होर्डिंग सपा नेता प्रवेश यादव ने लगवाई है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। होर्डिंग पर लिखा है—लाठी हारेगी, लैपटॉप जीतेगा। जो भाजपा के साथ है, वह दलित के खिलाफ है। इसके जरिए सपा ने अपनी पहले की सरकार में बांटे गए लैपटॉप और मौजूदा सरकार की नीतियों को लेकर राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। इस संबंध में प्रवेश यादव ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो लैपटॉप बांटे थे, 10 साल बाद भी चल रहे हैं। जिन युवाओं को लैपटॉप मिले थे, उन्होंने पहले उनसे शिक्षा हासिल की और अब उसी के जरिए रोजगार भी कर रहे हैं। मौजूदा सरकार की ओर से बांटे गए टैबलेट की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये धरती राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां की धरती है, अमर शहीदों के बलिदान से देश आजाद हुआ, उन्होंने कहा आज जिस तरह आप लोगों को हर प्रकार से प्रताड़ित किया गया लेकिन आप लोगों ने तिरंगा अपने सीने से लगाए रखा, आज आपकी बहन आपको विश्वास दिलाती है कि जब भी कोई चुनौती आपके सामने होगी आपकी बहन आपके आगे खड़ी रहेगी, सरकार तो बनेगी, लेकिन आज भी कार्यकर्ता के सम्मान में कोई कमी नहीं आने पायेगी,

असिस्टेंट डायरेक्टर से महाराज जी तक, हनुमान अंश में आस्था से भरा शोभिनव सत्य का सफर

लखनऊ,संवाददाता। कुछ कहानियां सुनाई जाती हैं। कुछ कहानियां उन लोगों तक खुद पहुंच जाती हैं, जो उन्हें दुनिया तक पहुंचाने के लिए बने होते हैं। आस्था, भक्ति और निस्वार्थ प्रेम की शक्ति से प्रेरित हनुमान अंश, जिसका प्रीमियर 27 नवंबर को सोनी लिव पर हो रहा है, नीब करौरी बाबा, जिन्हें स्नेहपूर्वक महाराज जी के नाम से जाना जाता है, के जीवन को भारत और दुनिया भर के घरों तक लेकर आती है। उनके आशीर्वाद और अनंत भक्तों का मार्गदर्शन करते हैं, चाहे वे कैंची धाम की पहाड़ियां हों या उससे कहीं दूर के साधक। अपनी सादगी, करुणा और हनुमान जी के प्रति अटूट भक्ति के माध्यम से यह फिल्म दर्शकों को ठहरने, आत्मचिंतन करने और समर्पण की शांत शक्ति को फिर से महसूस करने का अवसर देती है। शोभिनव सत्य के लिए यह सफर ऐसे मोड़ पर पहुंचा, जिसकी पटकथा कोई नहीं लिख सकता था। जब महाराज जी की भूमिका के लिए चुने गए अभिनेता की तबीयत खराब हो गई, तब शोभिनव ने कैमरे के पीछे असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में अपनी जिम्मेदारियों से आगे बढ़कर फिल्म के केंद्र में मौजूद इस महत्वपूर्ण किरदार को निभाने की जिम्मेदारी संभाली। उस पल को याद करते हुए, वह बताते हैं, सच कहूं तो जब मैंने हनुमान अंश में एक असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम शुरू किया था, तब मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं महाराज जी का किरदार निभाऊंगा। यह मुझे मेरे अपने चुनाव से ज्यादा उनकी कृपा जैसा लगा। मैं कैमरे के पीछे टीम के साथ काम कर रहा था और अचानक मुझे इस बेहद महत्वपूर्ण किरदार को निभाना था और उसे भीतर से समझना था। जैसे–जैसे मैंने महाराज जी के बारे में जाना, उनकी सादगी, उनकी दयालुता और जिस तरह उन्होंने लोगों के जीवन को छुआ, मुझे उतना ही एहसास हुआ कि इस भूमिका को पूरी ईमानदारी, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ निभाया जाना चाहिए। मैं सिर्फ एक किरदार नहीं निभाना चाहता था, बल्कि उस परिवार और उस आस्था के प्रति न्याय करना चाहता था, जो इतने सारे लोग उनमें रखते हैं। मेरी बस यही प्रार्थना है कि जब परिवार साथ बैठकर सोनी लिव पर हनुमान अंश देखें, तो वे वही शांति और प्रेम महसूस करें, जिसे मैंने इस भूमिका को जीते हुए महसूस किया। यह अनुभव हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहेगा। सोनी लिव पर डिजिटल प्रीमियर के साथ हनुमान अंश दर्शकों तक वहां पहुंचती है, जहां वे हैं। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे माता–पिता और दादा–दादी के साथ बैठकर देखा जा सकता है, मुश्किल दिनों में दोबारा देखा जा सकता है और उन सभी के साथ साझा किया जा सकता है, जिन्होंने कभी शक्ति पाने के लिए आस्था का सहारा लिया है।डॉ. विशाल चतुर्वेदी द्वारा लिखित और निर्देशित, हनुमान अंश का निर्माण रागिनी सोना, नम्रता जी. सिंह और अनुप्रिया नागर ने किया है।

संपादकीय...

हालमार्क पर संकट

भारतीय समाज में सोने का महत्व केवल सजावट या आभूषण तक सीमित नहीं है। यह मध्यम और निम्न–मध्यम वर्गीय परिवारों की जीवन भर की बचत, सामाजिक सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों का सबसे भरोसेमंद सहारा है। उपभोक्ताओं को शुद्ध सोना मिले और बाजार में व्याप्त मिलावटखोरी पर अंकुश लगे, इसी उद्देश्य से सरकार ने सोने के आभूषणों पर अनिवार्य हॉलमार्किंग और छह अंकों के एचयूआईडी नंबर की व्यवस्था लागू की थी। लेकिन नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की हालिया ऑडिट रिपोर्ट ने इस पूरी व्यवस्था की बुनियाद हिला दी है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) पिछले पांच वर्षों में देश के 81 से 83 प्रतिशत से अधिक पंजीकृत ज्वैलर्स का अनिवार्य वार्षिक निरीक्षण करने में विफल रहा है।

यह लापरवाही केवल ज्वैलर्स की दुकानों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन जांच और हॉलमार्किंग केंद्रों (एएचसी) की निगरानी में भी देखने को मिली है, जिन पर सोने की शुद्धता प्रमाणित करने की सीधी जिम्मेदारी है। कैग के आंकड़े बताते हैं कि एएचसी के निरीक्षण में भी बीआईएस अपने निर्धारित लक्ष्यों से लगभग 44 प्रतिशत पीछे रहा है। न तो बाजार में बिकने वाले आभूषणों की पर्याप्त जांच हो रही है और न ही उन प्रयोगशालाओं की, जो इन पर शुद्धता की मुहर लगा रही हैं। जब नियामक संस्था ही अपने दायित्वों के प्रति इतनी उदासीन हो, तो करोड़ों रुपये के आभूषण बाजार के श्वगवान भरोसेश चलने की स्थिति उत्पन्न होना स्वाभाविक है।

हाल के समय में बाजार से सोने में रेनियम पाउडर और अन्य धातुओं की मिलावट की खबरें सामने आई हैं, जो सामान्य एक्स–रे मशीनों की पकड़ में भी आसानी से नहीं आतीं। ऐसे संवेदनशील माहौल में यदि हॉलमार्क लगे आभूषणों की शुद्धता पर ही संदेह गहराने लगे, तो यह न केवल उपभोक्ताओं के साथ विश्वासघात होगा, बल्कि सरकारी मानकों की साख को भी गहरा धक्का पहुँचाएगा। एक आम खरीदार अपनी मेहनत की कमाई इसलिए हॉलमार्क देखकर खर्च करता है क्योंकि उसे सरकार की इस मुहर पर भरोसा होता है।

इस गंभीर प्रशासनिक चूक पर बीआईएस द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण भी कम निराशाजनक नहीं है। संस्था ने अपनी विफलता के पीछे कर्मचारियों की कमी और दूरदराज के क्षेत्रों से नमूने एकत्र करने की व्यावहारिक कठिनाइयों का हवाला दिया है। कैग ने इस तर्क को सिरे से खारिज कर बिल्कुल सही किया है। किसी भी नियामक संस्था का काम नीतियां बनाकर और पंजीकरण शुल्क वसूलकर इतिश्री कर लेना नहीं होता। जब देश भर में लाखों ज्वैलर्स को हॉलमार्किंग के दायरे में लाया जा रहा था, तो उसके अनुपात में निरीक्षण तंत्र का विस्तार करना, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराना और मानव संसाधन की भर्ती करना भी बीआईएस और संबंधित मंत्रालय की प्राथमिक जिम्मेदारी थी।

अब समय आ गया है कि उपभोक्ता मामले का मंत्रालय और बीआईएस इस ऑडिट रिपोर्ट को एक गंभीर चेतावनी के रूप में स्वीकार करें। इस संकट से निपटने के लिए बहुआयामी सुधारों की तत्काल आवश्यकता है। सबसे पहले, बीआईएस में तकनीकी और निरीक्षण अधिकारियों के रिक्त पदों को युद्धस्तर पर भरा जाना चाहिए। दूसरे, औचक निरीक्षण और बाजार से नमूने उठाने की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, डिजिटल और जवाबदेह बनाया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर मिलीभगत की गुंजाइश न रहे। इसके अतिरिक्त, दोषी पाए जाने वाले ज्वैलर्स और हॉलमार्किंग केंद्रों के खिलाफ केवल जुर्माना लगाने के बजाय उनके लाइसेंस रद्द करने जैसी कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

विश्वास एक ऐसा गुण है जिसे बनने में वर्षों लगते हैं, लेकिन टूटने में एक पल। हॉलमार्किंग प्रणाली ने भारतीय आभूषण बाजार में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया था। यदि निगरानी की इस कमजोरी को समय रहते दूर नहीं किया गया, तो यह महत्वाकांक्षी योजना महज एक कागजी औपचारिकता बनकर रह जाएगी। उपभोक्ता हितों की रक्षा और बाजार की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए यह अनिवार्य है कि कानून का पालन कागजों पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सख्ती से दिखाई दे।

नशे का खुमार हाशिये पर परिवार

आश्चर्य होता है कि जो लोग दिन में सरकारी राशन लेने के लिए लाइन में लगे होते हैं, शाम को उनमें से सबसे ज्यादा ठेके की लाइन में मिलते हैं। पीढ़ियां पढ़ाई से आगे बढ़ती हैं, पैग से नहीं! जिस घर में बोतल का ढक्कन बच्चे की किताब से पहले खुलता है, वहां समझ लेना चाहिए कि गरीबी जेब में नहीं, सोच में बैठी है। जो लोग बाजार में सब्जी के भाव सुनकर महंगाई का रोना रोते हैं, बच्चों की फीस देखकर माथा पकड़ लेते हैं और दूध के दाम पर सरकार को कोसते हैं, वही शाम होते ही ठेके पर ऐसे नियमित पहुंचते हैं, जैसे वहां उनकी हाजिरी लगनी अनिवार्य हो। महंगाई वहां भी है, मगर कमाल है कि बोतल के दाम कभी बजट नहीं बिगाड़ते!

महंगाई की दुहाई देने वालों का भी अपना अलग अर्थशास्त्र है। आश्चर्य होता है कि जो लोग दिन में सरकारी राशन लेने के लिए लाइन में लगे होते हैं, शाम को उनमें से सबसे ज्यादा ठेके की लाइन में मिलते हैं। बीमार पत्नी के लिए दवाई या बच्चों के लिए केले–सेब खरीदने जाएं तो दाम सुनकर पसीना आ जाता है। लेकिन ठेके पर पहुंचते ही न महंगाई याद आती है, न घर का बजट और न बच्चों की जरूरतें। लगता है, जैसे देश की अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ शराब का ठेका ही है। कमाल की बात है कि बच्चे की फीस के लिए उधार मांगना इज्जत के खिलाफ लगता है, लेकिन शराब के लिए उधार मांगने में कोई संकोच नहीं! हमने जरूरतों की भी बड़ी अजीब परिभाषा बना रखी है। शिक्षा शौक है, सिगरेट–शराब जरूरत है। और तो और, कुछ नशेड़ी बच्चों को संस्कारों का पाठ भी खूब पढ़ाते हैं। कहते हैंकृबेटा, गलत संगत से दूर रहना। सिगरेट और शराब को हाथ मत लगाना। बच्चा सोचता होगा कि पिताजी, आप कौन–सी संगत के ब्रांड एंबेसडर हैं? बच्चे की पढ़ाई में लगाया गया पैसा पीढ़ियां बदल सकता है, जबकि नशे में उड़ाया गया पैसा सिर्फ अगले दिन फिर से मांगा जाएगा। लोअर इनकम ग्रुप में भी नशा किसी को किसी भी रूप में महंगा नहीं लगता।

विश्व कूटनीति की दिशा बदलेगी शेन्झेन बैठक

चीन के शेन्झेन शहर में हो रहे एशिया–प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन में शी जिनपिंग, डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच पहली मुलाकात में विश्व की दिशा बदलेगी, ऐसा अनुमान कुछ पर्यवेक्षक लगा रहे हैं। 'एपेक' पूरे एशिया–प्रशांत क्षेत्र में मुक्त व्यापार को बढ़ावा देता है। भारत इसका सदस्य देश नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के निमंत्रण पर मनीला में आयोजित 23वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन और 21वें ईस्ट एशिया समिट में भाग लेने गए थे। भले ही भारत आसियान का पूर्ण सदस्य नहीं है, लेकिन यह संगठन के साथ साझेदारी और संवाद तंत्र के माध्यम से जुड़ा हुआ है। आसियान की मशाल अब सिंगापुर के हाथों में है। वर्ष 1967 में स्थापित आसियान में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और तिमोर–लेस्ते शामिल हैं। वर्ष 2027 में इस क्षेत्रीय समूह की 60वीं वर्षगांठ होगी। लेकिन, पीएम मोदी का मनीला जाना इसलिए महत्वपूर्ण हो गया कि वहां क्वाड समूह की शिखर बैठक भी साथ–साथ निपट गई। क्वाड में अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। मंगलवार को क्वाड नेता फिलीपींस की राजधानी मनीला में बगलगीर थे। सितंबर 2024 के बाद से यह उनकी पहली मुलाकात थी।



च ै न ी पर्य वे क्ष क ने कहा, 'यह समूह फ ो ट ो डिप्लोमेसी तक ही सीमित है। जिसका कोई ठोस नतीजा नहीं निकलता।'

मनीला में आयोजित 49वें आसियान शिखर सम्मेलन और उससे जुड़ी बैठकों को लेकर चीन की अतिसजगता के पीछे कई प्रमुख कूटनीतिक कारण थे। शिखर सम्मेलन से ठीक पहले अक्टूबर 2026 में आयोजित आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में चीन ने फिलीपींस पर जानबूझकर बाधाएं खड़ी करने और राजनयिक प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया था। इसके विरोध में चीन ने अपने रक्षा मंत्री के बजाय एक निचले स्तर के सैन्य प्रतिनिधि (डिफेंस अताशे) को भेजा था। तीखी टिप्पणियों से नाराज पेइचिंग ने फिलीपींस के रक्षा मंत्री गिल्बर्टो तियोदोरो की चीन यात्रा पर प्रतिबंध भी लगाया था। चीनी राष्ट्रपति शी इन वजहों से मनीला बैठक में नहीं आये। उनकी जगह प्रधानमंत्री ली कियांग ने चीन का प्रतिनिधित्व किया।वजह साऊथ चाइना सी है, जहां चीन के अलावा फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान इस क्षेत्र के अलग–अलग द्वीपों और जलक्षेत्रों पर अपना दावा जताते रहे हैं। इंडोनेशिया के साथ भी उसके समुद्री क्षेत्र को लेकर मतभेद हैं। अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण ने 2016 में फिलीपींस के पक्ष में फैसला देते हुए चीन के ऐतिहासिक दावों को अंतरराष्ट्रीय कानून के विरुद्ध बताया था, लेकिन चीन इस फैसले को नहीं मानता है।


मनीला शिखर बैठक में दक्षिण चीन सागर की आचार संहिता पर आसियान देश और चीन अंतिम समझौते तक नहीं पहुंच सकें, हालांकि मसौदे के लगभग 80 प्रतिशत हिस्से पर अस्थायी सहमति बन चुकी थी। अब शायद सिंगापुर शिखर बैठक में कुछ हो। फिलीपींस ने अपनी आसियान अध्यक्षता के दौरान 2026 के अंत तक इस समझौते को पूरा करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन मतभेदों के कारण यह पूरा नहीं हो सका। सिंगापुर के पूर्व राजनयिक बिलाहारी कौसिकन अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए मशहूर हैं। 2015 में सिंगापुर में आयोजित एक सम्मेलन में बिलाहारी ने आसियान की तुलना 'एक गाय' से की थी, जो 'कभी घोड़ा नहीं बन सकती।' उन्होंने कहा कि दोनों ही जानवर उपयोगी हैं, लेकिन उनकी उपयोगिता का स्तर अलग–अलग है। लेकिन, मनीला शिखर बैठक से बड़ी कूटनीतिक कहानी शेन्झेन शिफ्ट कर गई है, जहां दुनिया के तमाम देशों की निगाहें पुतिन, ट्रंप और शी की त्रिपक्षीय मुलाकात पर है। 18 से 19 नवंबर 2026 को 21 सदस्यीय एशिया–प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन चीन के शेन्झेन शहर में आयोजित हो रहा है। 19 नवंबर को शी जिनपिंग, डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच पहली मुलाकात में विश्व की दिशा बदलेगी, ऐसा अनुमान कुछ पर्यवेक्षक लगा रहे हैं। 'एपेक' पूरे एशिया–प्रशांत क्षेत्र में मुक्त व्यापार को बढ़ावा देता है। भारत इसका सदस्य देश नहीं है। अगरचे, यह त्रिपक्षीय बैठक ट्रंप के नेतृत्व वाली रिपब्लिकन पार्टी की शर्मनाक हार की पृष्ठभूमि में हो रही है, इसलिए ट्रंप इसमें अपने लिए एक ही फायदा देखते हैं– जो जरूरी नहीं कि अमेरिका के लिए भी फायदेमंद हो। वह अपने घरेलू समर्थकों के सामने यह दावा कर सकते हैं कि मध्यावधि चुनावों में हार के बावजूद, 'वह अभी भी इतने ताकतवर हैं कि दुनिया चला सकते हैं।'लेकिन, ट्रम्प की छवि की जिस तरह मिट्टी पलीद हुई है, ट्रम्प की ऐसी दावेदारी को शायद ही कोई सीरियसली ले। ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन के चाइना सेंटर के फेलो जोनाथन ए. जिन का कहना है कि ऐसी किसी स्थिति की कल्पना करना मुश्किल है, जिसमें ट्रंप, शी और पुतिन के बीच होने वाली बैठक से अमेरिका और उसके हितों के लिए कोई अच्छा नतीजा निकले। हालांकि, शेन्झेन में त्रिपक्षीय बैठक पुतिन की हामी के बाद ही तय हुई है। इस साल मई में राष्ट्रपति ट्रंप की पेइचिंग यात्रा के बाद से ही शी–ट्रंप–पुतिन के बीच एक संभावित त्रिपक्षीय बैठक को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। जैसे ही ट्रंप ने पुष्टि की कि वह शेन्झेन में होने वाले एपेक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे, पुतिन ने बिना समय गंवाए 9 अक्तूबर को फोन पर बातचीत के दौरान अपने अमेरिकी समकक्ष के सामने एक संयुक्त बैठक का प्रस्ताव रख दिया। यूक्रेन पर रूस के पूर्ण सैन्य आक्रमण के बाद से उन्हें वर्षों तक कूटनीतिक अलगाव और बहिष्कार का सामना करना पड़ा था। ट्रम्प के तेवर भी मध्यावधि चुनाव परिणाम के बाद से ढीले लग रहे हैं। मनीला में पीएम मोदी के साथ उनकी देहभाषा दोस्ताना थी। मनीला में ट्रम्प ने कोई विवादित बयान भी नहीं दिया। मनीला में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग–उन से मुलाकात की संभावना जताई। इस बैठक के लिए शेन्झेन को चुनने के पीछे रूस की सोच के बारे में बताते हुए, वाशिंगटन स्थित स्टिमसन सेंटर की सुन युन ने कहा, 'रूस संभवतः इस शिखर सम्मेलन का इस्तेमाल चीन और अमेरिका को यूक्रेन के मुद्दे पर मॉस्को के रुख के करीब लाने के लिए करेगा।' सुन ने आगे कहा कि चीन हथियारों के नियंत्रण, यूक्रेन या ईरान जैसे मुद्दों पर बातचीत में शामिल नहीं होगाय वह बस यही कहता रहेगा कि शांति जरूरी है और युद्ध खत्म होने चाहिए। ■ विवेक पंडित

रोजगार के लिए भस्मासुर न बन जाए एआई

आने वाले दिन इस मानव प्रजाति के लिए कैसे हैं, यह तो वक्त ही बताएगा। एआई का भस्मासुर मनुष्य को ले बैठेगा या मनुष्य इस चुनौती को भी झेल जाएगा? हालांकि, यह भी तो सच है कि इस भस्मासुर को मनुष्य ने ही बनाया है। यह नब्बे के दशक की बात है। उन दिनों आज की तरह गैस पाइपलाइन नहीं थीं। सिलेंडर आते थे। मथुरा का एक लड़का सिलेंडर लेकर आता। सिलेंडर लगाने के बाद पहला चाय का कप उसके लिए ही बनता। एक बार बातों–बातों में उसने बताया कि वह एक गांव से आता है। दलित कम्युनिटी से है। एम.ए., एम.एड. कर चुका है, लेकिन कहीं नौकरी नहीं मिली। जहां भी नौकरी के लिए जाता है, वहां पहले से ही कोई और नौकरी के लिए चुन लिया गया होता है। रिश्वत का बोलबाला है। रिश्वत के लिए पैसे कहां से लाए? उसकी बात सुनकर बहुत अफसोस हुआ।

पिछले दिनों एक ई–रिक्शा में जा रही थी। चूंकि सोसायटी के सामने से रिक्शा लिया था, तो उसे चलाने वाला युवा बोलाकू आंटी जी, आप पत्रकार हो। मैंने कहाकृहां। फिर हम बातें करने लगे। उसने बताया कि वह एम. टेक. है। पढ़ाई के लिए पिता ने साढ़े चार लाख का कर्ज लिया। सोचा था कि नौकरी मिलेगी, तो चुका दूंगा। लेकिन जहां भी नौकरी के लिए गया, दस हजार से ज्यादा देने को कोई तैयार नहीं हुआ। अब दिल्ली जैसे शहर में दस हजार में क्या खाऊं, क्या बचाऊं? कर्ज कैसे चुकाऊं? इसलिए मैंने नौकरी छोड़कर ई–रिक्शा चलाना शुरू कर दिया। इससे अच्छी आमदनी हो जाती है। जब रिक्शे से उतरकर आगे बढ़ी, तो बहुत सी बातें दिमाग में खलबली मचाती रहीं। एक लड़का आज से तीस साल पहले मिला था, एक अब मिला। दोनों की समस्याएं एक जैसी। खूब पढ़े–लिखे, गरीब, लेकिन पढ़ाई–लिखाई का कोई फायदा नहीं मिला।आधुनिकता के दौर के साथ–साथ दुनिया भर में यह मान लिया गया कि अगर जीवन में कुछ करना है, आगे बढ़ना है, पैसे कमाने हैं, तो पढ़ना–लिखना बहुत जरूरी है। बचपन से ही बच्चे को बताया जाता कि अगर पढ़ोगे–लिखोगे नहीं, मेहनत नहीं करोगे, तो इस जिंदगी में कुछ नहीं कर पाओगे।

एक दौर ऐसा भी था कि पढ़ने–लिखने के बाद कोई न कोई नौकरी मिल ही जाती थी, लेकिन बेरोजगारी हमेशा ही हमारे देश की समस्या रही है। इसके लिए कभी अधिक आबादी, तो कभी कम औद्योगिकीकरण को जिम्मेदार माना जाता रहा है। जब कम्प्यूटर क्रांति हुई, तब कहा जा रहा था कि कम्प्यूटर सबकी नौकरी खा जाएगा। सबकी नौकरियां तो खत्म नहीं हुईं, लेकिन बहुत बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो गए। अब आ गया है एआई का जमाना। इसके बारे



में तो टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक, अमेरिका के बहुत बड़े उद्योगपति एलन मस्क कह रहे हैं कि कुछ सालों में लोगों को न काम करने की जरूरत रहेगी, न पैसे की।

हो सकता है कि एलन मस्क की बातें कोरी कल्पना हों लेकिन सही हुईं तो क्या होगा? यदि आदमी को कुछ करना ही नहीं है, तो वह क्यों पढ़ेगा–लिखेगा? तब दुनिया भर में फैली यूनिवर्सिटीज, कॉलेज और स्कूलों का क्या होगा? यही नहीं, जब मनुष्य के मुकाबले दुनिया का हर काम एआई रोबोट ही करेंगे, तो आदमी करेगा क्या? विशेषज्ञ बता रहे हैं कि इतना अधिक उत्पादन होगा कि लोगों को सब कुछ मुफ्त में ही मिल जाया करेगा। पैसे भी खर्च करने की जरूरत नहीं रहेगी। इन सब बातों को पढ़ते हुए लगता है कि जिस समाजवाद के सपने हम देखते रहे हैं, वह तो अब आ रहा है, जिसमें कोई ऊंचा–नीचा, छोटा–बड़ा, अमीर–गरीब नहीं होगा। लेकिन वाकई क्या ऐसा होगा?

पूंजीवादी व्यवस्था मुनाफे के आधार पर ही तो टिकी हुई है। यदि उत्पादन तो होगा, लेकिन मनुष्य को उसे खरीदने की जरूरत नहीं होगी, तो मुनाफा कैसे होगा? उद्योग चलेंगे कैसे? कोई व्यापारी उद्योग लगाएगा भी तो क्यों? हर व्यापारी किसी उद्यम में जितने पैसे लगाता है, उससे अधिक कमाना चाहता है। यदि पैसे की जरूरत ही खत्म हो जाएगी, तो प्रगति और आगे बढ़ने की जो भी परिकल्पनाएं हैं वे भी कुछ समय के बाद नष्ट हो जाएंगी। पिछले दिनों यूरोप और भारत में ही जेन–जी ने शिक्षा की गुणवत्ता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, अध्यापकों की कमी, पेपर लीक आदि मुद्दों पर बड़े–बड़े आंदोलन चलाए हैं। ऐसा क्या है कि जिन्हें विकसित अर्थव्यवस्था कहा जाता है और जिन्हें विकासशील, वहां शिक्षा की समस्याएं एक जैसी हैं। बच्चे पढ़–लिख भी जाएं तो बेरोजगारी दर बहुत अधिक है।

फिर इन दिनों पश्चिम में राष्ट्रवाद की लहर चल रही है। कहा जा रहा है कि राष्ट्र उसके नागरिकों का है। सारी सुविधाओं, नौकरियों पर नागरिकों का पहला हक है। यह एक तरीके से वही विचार हैं, जब सरकारें अपने नागरिकों को मामूली सुविधाएं नहीं दे पातीं, तो वे किसी बाहरी दुश्मन को उनके सामने खड़ा कर देती हैं। लोग सरकारों से लड़ने के मुकाबले इन बाहरी दुश्मनों को निपटाने लगते हैं। लेकिन सरकारों के ये लॉलीपॉप युवाओं को लुभा नहीं पा रहे, क्योंकि जमीनी स्तर पर उनकी परेशानियों का कोई हल नहीं दिखता। एआई का खतरा बिल्कुल सामने खड़ा है। आए दिन हजारों नौकरियां जा रही हैं।

कंपनियां अपना मुनाफा बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों को निकाल रही हैं। अब तो यह भी नहीं रहा कि कौन कर्मचारी कितना अच्छा काम करता है या नहीं करता, इस आधार पर किसी को हटाया जाए। रोबोट लॉटरी निकालकर लोगों को हटा रहे हैं। ऐसे में किसकी नौकरी बचेगी, किसकी नहीं, कोई नहीं बता सकता। कौन कितना पढ़ा–लिखा, होशियार है, अब यह बात भी काम नहीं आ रही।

ऐसे में अब यह विचार क्या किसी काम का रहा है कि जितना ज्यादा पढ़ोगे, जीवन में उतना ही अच्छा करोगे? अच्छी नौकरी पाओगे। खूब पैसे कमाओगे? अफसोस की बात यह है कि युवाओं की इन चिंताओं पर किसी का कोई ध्यान नहीं है। एआई की चुनौतियां कोई कल्पना नहीं हैं, न ही ऐसा है कि इस चुनौती से निपटने के लिए युवाओं के पास बहुत अधिक समय है। वे क्या करें, किस दिशा में जाएं, जिससे कि आगे के वर्षों में जीवनयापन कुछ सरल हो सके, इस बारे में विचार करना बहुत आवश्यक है। हवाई वायदों के मुकाबले सरकारें इस ओर ध्यान दें। बहुत से लोग कह रहे हैं कि व्हाइट कॉलर जॉब्स के मुकाबले हाथ के काम, जैसे कि इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर आदि का काम सीखें। यही विद्या काम आएगी। हमने वह समय भी देखा है, जब अधिकांश काम हाथ से ही किए जाते थे। फिर ऐसा वक्त आया कि हर काम में मशीनें आ घुसीं। लेकिन अब दोबारा कहा जा रहा है कि हाथ के काम सीखो। क्या ये बातें उसी बात को सही ठहराती हैं कि इतिहास अपने को दोहराता है, लेकिन इसके आगे का वाक्य यह है कि इतिहास दोहराता है, मगर कभी ट्रेजेडी बनकर तो कभी कॉमेडी बनकर। ■जीवन बाघवा

पिघलते पहाड़ों के बीच सुलगता बड़ा संकट

जरूरी है कि जोखिम भरी झीलों की नियमित–वैज्ञानिक निगरानी हो। उपग्रह आधारित इमेजरी के साथ–साथ जमीनी स्तर पर सेंसर और स्वचालित जल स्तर मॉनिटरिंग उपकरणों को झीलों के पास लगाएं। ताकि दायरे में आने वाली आबादी को समय रहते सूचित किया जा सके।उत्तराखंड की शांत और भव्य वादियां इन दिनों एक ऐसे अदृश्य खतरे के साये में जी रही हैं, जिसका ध्यान यदि समय रहते न किया गया तो परिणाम बेहद विदारक हो सकते हैं। केदारनाथ और संपूर्ण उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में तेजी से बन रही और विकराल होती ग्लेशियर झीलों के खतरे से समाज, शासन और नीति–निर्धारकों को सचेत होना होगा। ताकि समय रहते ठोस कदम उठाए जा सकें।

जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हिमालय के ग्लेशियर जितनी तेजी से पिघल रहे हैं, उससे पहाड़ों की छाती पर पानी के विशाल और खतरनाक भंडार तैयार हो रहे हैं। जून 2013 की केदारनाथ त्रासदी के घाव आज भी देश और प्रदेश के मन में ताजा हैं, जहां चौराबाड़ी ग्लेशियर में बनी झील के टूटने से जो तबाही आई थी, उसने हजारों जिंदगियों को निगल लिया था। उस दर्दनाक सबक के बावजूद यदि आज हम चेते नहीं हैं, तो आने वाले दिनों में प्रकृति का यह रौद्र रूप और भी अधिक भीषण तबाही लेकर आ सकता है। इन खतरनाक झीलों के बनने के पीछे मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग और लगातार बढ़ता तापमान है, जिसके चलते हिमालयी ग्लेशियर असाधारण गति से पिघल रहे हैं। जब ग्लेशियर पीछे हटते हैं, तो उनके पीछे छोड़ी गई डिप्रेशन या खड्डनुमा जगहों में पिघला हुआ पानी जमा होने लगता है, जिससे विशाल हिमनद झीलों का निर्माण होता है। इन झीलों के चारों ओर प्राकृतिक दीवारें होती हैं जो मुख्य रूप से ढीली चट्टानों, मिट्टी, मलबे और पत्थरों यानी मोरेन से बनी होती हैं। ये प्राकृतिक बांध अत्यधिक कमजोर और अस्थिर होते हैं क्योंकि ये कंक्रीट की तरह मजबूत नहीं होते।दरअसल, जैसे–जैसे वैश्विक तापमान में वृद्धि होती है और तापमान बढ़ता है, इन झीलों में पानी का आयतन तेजी से बढ़ने लगता है, जिससे इन कमजोर प्राकृतिक दीवारों पर भारी दबाव पैदा होता है। इसके अलावा, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में होने वाली अत्यधिक और अचानक



बारिश, बादल फटने की घटनाएं, भूस्खलन या फिर भूकंपीय गतिविधियां इन झीलों के लिए तात्कालिक ट्रिगर का काम करती हैं। जब अचानक कोई बड़ा हिमस्खलन या चट्टान टूटकर झील के पानी में गिरती है, तो पानी का भारी दबाव इन कमजोर मोरेन दीवारों को तोड़ देता है, जिसे ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड यानी ग्लोफ कहा जाता है। इस पूरी स्थिति की संभावना उत्तराखंड और कल्पना से परे है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और अन्य वैज्ञानिक संस्थानों ने उत्तराखंड में जोखिम भरी कई ग्लेशियर झीलों को चिह्नित किया है, जिनमें से कई को अत्यधिक उच्च जोखिम वाली श्रेणी में रखा गया है। उदाहरण के लिए, उत्तरकाशी की केदारताल झील या चमोली की वसुधारा झील समेत राज्य के विभिन्न जिलों में ऐसी दर्जनों झीलें हैं जो समय के साथ लगातार फैल रही हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि यदि केदारताल जैसी झील का प्राकृतिक बांध टूट जाता है, तो महज कुछ ही मिनटों में वहां से निकलने वाली पानी की भीषण बाढ़ का सैलाब नीचे की बस्तियों, गांवों और तीर्थस्थलों को अपनी चपेट में ले सकता है। दरअसल, इस तरह की अचानक आने वाली बाढ़ नदी के सामान्य प्रवाह से कई गुना अधिक तेज होती है और अपने साथ भारी मात्रा में बोल्डर, कीचड़ और मलबा लेकर चलती है। रास्ते में आने वाले पुल, सड़कें, बिजली परियोजनाएं और बस्तियां पलभर में नेस्तनाबूद हो जाती हैं। पानी की यह विशाल लहर कुछ ही पलों में सब कुछ तहस–नहस करने की क्षमता रखती है, जिससे न केवल व्यापक पैमाने पर जनजीवन प्रभावित होता है बल्कि सदियों पुराना पारिस्थितिकी तंत्र भी हमेशा के लिए बदल जाता है। इस आसन्न संकट से निपटने और निदान के लिए अब हमें पूरी तरह से अपनी रणनीति बदलने की जरूरत है। प्रतिक्रियावादी आपदा राहत यानी आपदा आने के बाद मदद भेजने के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर अब हमें सक्रिय और पूर्व–सक्रिय आपदा तैयारियों की ओर कदम बढ़ाना होगा। सबसे पहले यह जरूरी है कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित इन सभी संवेदनशील और जोखिम भरी झीलों की नियमित और वैज्ञानिक निगरानी की जाए। इसके लिए उपग्रह आधारित इमेजरी के साथ–साथ जमीनी स्तर पर सेंसर और स्वचालित जल स्तर मॉनिटरिंग उपकरणों को इन झीलों के पास स्थापित किया जाना चाहिए ताकि पानी के स्तर में होने वाले हर छोटे–बड़े बदलाव की वास्तविक समय की जानकारी मिल सके। इसके अलावा, जिन झीलों में पानी का दबाव खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है, वहां वैज्ञानिक तरीकों से नियंत्रित निकासी प्रणाली विकसित की जानी चाहिए ताकि अतिरिक्त पानी को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला जा सके।

■ शिव शंकर

बरहज में पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण शिविर आयोजित



संवाददाता

देवरिया। तहसील सभागार बरहज में सोशल सेक्टर विभागों द्वारा पेंशन स्वीकृति प्रमाण–पत्र वितरण एवं जनसमस्या निस्तारण शिविर आयोजित हुआ। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) राम जनम को तहसील बरहज का नोडल अधिकारी नामित किया गया था।

शिविर में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद बरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल व बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सावित्री राय तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री अमित कुमार जायसवाल उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

शिविर में निराश्रित महिला पेंशन योजना के 16, अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति योजना के 11 तथा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 23 लाभार्थियों को मुख्य अतिथि के कर–कमलों से स्वीकृति प्रमाण–पत्र वितरित किए गए।

विशिष्ट अतिथि अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि सभी पेंशन सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलने से लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने लोगों से मोहल्लों व गांवों में योजनाओं का प्रचार करने तथा पात्र व्यक्तियों को जागरूक करने की अपील की।

शिविर में समाज कल्याण विभाग के कुल 85 प्रकरण आए, जिनमें 6 नए आवेदन कराए गए व 79 का मौके पर निस्तारण हुआ। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के 21 प्रकरणों में 2 नए आवेदन व 19 का निस्तारण हुआ। जिला प्रोबेशन कार्यालय के 22 प्रकरणों में 1 नया आवेदन व 21 पेंशन न मिलने संबंधी प्रकरणों का निस्तारण हुआ।

सीएम की माँ के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद ने जताया दुख

संवाददाता

प्रतापगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माँ सावित्री देवी के आकस्मिक निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गहरा दुख जताया है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं पीसीसी अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सीएम योगी अपनी मां से बहुत ज्यादा आत्मीय रूप से जुड़े थे। नेताद्वय ने कहा कि उनकी माता जी मृदुभाषी, सौम्य स्वभाव तथा सादगी भरे जीवन के साथ एक विदुषी महिला के रूप में अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित किया। संयुक्त बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली से मतदाताओं को कराया जा रहा जागरूक, जिला निर्वाचन कार्यालय में डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ



देवरिया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद मुख्यालय सहित सभी तहसील मुख्यालयों पर ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन व मतदाता जागरूकताध्प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने किया। इस दौरान मतदाताओं व आमजन को ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली तथा मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। मशीनों से मतदान का व्यावहारिक प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम की कार्यप्रणाली व मतदान प्रक्रिया की जानकारी होने से मतदाता बिना किसी संशय के सुगमतापूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसी उद्देश्य से जनपद मुख्यालय सहित सभी तहसील मुख्यालयों पर डेमोंस्ट्रेशन सेंटर स्थापित कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा।

प्रदर्शन केंद्रों के माध्यम से मतदाताओं को वीवीपैट से अपने मत की पुष्टि करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया जा रहा है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, एएसडीएम अखिलेश यादव सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी, प्रबुद्धजन व आमजन उपस्थित रहे।

बिहार का गौरवशाली इतिहास पर भाषण एवं संगीत प्रतियोगिता आयोजित, सौ से अधिक प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता

भाटपार रानी, देवरिया। खुजवां रघुनाथपुर प्रखंड के खुजवां गांव में श्रीराम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ के पावन अवसर पर 19 नवंबर कोकपं जनपदीय भाषण एवं संगीत प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

वहीं डॉ. उमेश कुमार गुप्ता के संयोजन में आयोजित इस प्रतियोगिता में सौ से अधिक छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय अपने–अपने राम एवं बिहार का गौरवशाली इतिहास रखे गए थे। वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन



श्रीराम जानकी मंदिर संरक्षण समिति के अध्यक्ष कुंजबिहारी, मुंबई के जनरल मैनेजर शशिभूषण, बांके बिहारी एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत हाई स्कूल खुजवां की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं श्रीराम–जानकी भजन से हुई। संगीत प्रतियोगिता में गौरा उच्च विद्यालय, आदमापुर की अर्चना कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर हाई स्कूल खुजवां की छात्राएं रहीं। वहीं भाषण प्रतियोगिता के अपने–अपने राम विषय में गंडक उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज, तरवारा की सोनाली कुमारी ने प्रथम, अंशिका कुमारी ने द्वितीय तथा मॉडल स्कूल टारी की ऊषा कुमारी एवं आरिफ अली ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं बिहार का गौरवशाली इतिहास विषय में गौरा उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज, आदमापुर की पलक कुमारी प्रथम, सदफ आफरीन द्वितीय तथा गंडक उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज, तरवारा के आसिफ अली एवं मॉडल स्कूल टारी की साधना कुमारी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कप, स्टेशनरी, पानी की बोतल एवं अन्य आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर निकली निशान यात्रा

नेपालगंज स्थित श्याम मंदिर के लिए रवाना हुए श्रद्धालु



संवाददाता

रुपईडीहा, बहराइच। देवउठनी एकादशी एवं श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव पर शुक्रवार को रुपईडीहा में भव्य निशान यात्रा निकाली गई।

बता दें रामलीला चौराहा स्थित संतोषी माता मंदिर से सुबह सात बजे सुसज्जित रथ झांकी के साथ यात्रा शुरू हुई। ढोल–नगाड़ों और जयकारों के बीच श्रद्धालु बजाजा मार्केट, स्टेशन रोड होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 927 से नेपालगंज के शीतल नगर स्थित श्याम मंदिर के लिए रवाना हुए। यहां 63 निशान अर्पित किए जाएंगे। वहीं दशहरा बाग में भंडारा, भजन–कीर्तन एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार शेर सिंह कसौधन सहित अनेक गणमान्य लोग एवं सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

तमकुहीराज में 21 से 23 नवंबर तक आयोजित होगा तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मिलेट्स मेला एवं प्रदर्शनी

किसानों को श्रीअन्न की खेती, उपयोगिता एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की दी जाएगी जानकारी।

संवाददाता

कुशीनगर। उप कृषि निदेशक अतिंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद कुशीनगर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला, मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन 21 से 23 नवंबर 2026 तक रामलीला मैदान, तमकुहीराज में किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रीअन्न (मिलेट्स) के प्रति किसानों एवं आमजनमानस में जागरूकता बढ़ाना, मिलेट्स की खेती को प्रोत्साहित करना तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी किसानों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से किसानों को विभागीय योजनाओं, कृषि निवेशों, नवीनतम तकनीकों एवं कृषि से जुड़े महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही श्रीअन्न के महत्व, उपयोगिता, पोषण संबंधी विशेषताओं एवं इसकी खेती के तौर–तरीकों से भी अवगत कराया जाएगा।

इस दौरान उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त किसान भाइयों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में समलीडा मैदान, तमकुहीराज पहुंचकर इस तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला, मेला एवं प्रदर्शनी में प्रतिभाग करें तथा कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही नवीनतम जानकारियों एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं।

अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 06 एवं 09 में प्रवेश के लिए हुआ आवेदन शुरू

निर्माण श्रमिकों के पात्र बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को मिलेगी निशुल्क शिक्षा, आवेदन की अंतिम तिथि 05 जनवरी 2027

संवाददाता

कुशीनगर। अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2027–28 के लिए कक्षा 06 एवं 09 में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया 20 नवम्बर 2026 से प्रारंभ हो गई है। इस विद्यालय में श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पात्र बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले अनाथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं निशुल्क शिक्षा प्रदान किए जाने की व्यवस्था है।

इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने उक्त की जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश के लिए ऐसे निर्माण श्रमिकों के अधिकतम दो बच्चे पात्र होंगे, जिनका पंजीकरण उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 30 अक्टूबर 2023 तक हुआ हो। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले बच्चे भी आवेदन के लिए पात्र हैं।

वहीं अटल आवासीय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 06 से 12 तक निशुल्क शिक्षा के साथ छात्रावास, भोजन, खेलकूद एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसका उद्देश्य पात्र एवं जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभिभावक आवेदन पत्र जिला श्रम कार्यालय, रामकोला रोड, शनि मंदिर के सामने, पडरौना, कुशीनगर से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला प्रोबेशन कार्यालय अथवा विभागीय वेबसाइट के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है। आवेदन एवं अन्य जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9984581938 एवं 9415322990 पर संपर्क किया जा सकता है। वहीं आवेदन करने की अंतिम तिथि 05 जनवरी 2027 निर्धारित है। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 31 जनवरी 2027 को आयोजित की जाएगी।

इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने समस्त पात्र श्रमिक बंधुओं एवं अभिभावकों से अपील है कि वे अपने बच्चों के बेहतर भविष्य एवं गुणवत्तापूर्ण निशुल्क शिक्षा के अवसर का लाभ उठाने के लिए निर्धारित समय–सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पर 22 नवंबर को 5 किलोमीटर हाफ मैराथन दौड़ का होगा प्रतियोगिता

संवाददाता

भाटपार रानी, देवरिया। समाजवादी विचारधारा के प्रखर स्तंभ, देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय नेताजी धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव जी की जयंती के अवसर पर 22 नवंबर 2026 को 340 विधानसभा भाटपार रानी के महुआबारी चौराहे पर 5 किलोमीटर मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन समाजवादी पार्टी के नेता देवेंद्र कुशवाहा श्बबलूश्, 340 विधानसभा भाटपार रानी द्वारा किया जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नेताजी के विचारों, संघर्षों एवं समाजवादी मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना तथा युवाओं में खेल भावना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को ₹2,000 एवं मेडल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को ₹1,500 एवं मेडल तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को ₹1,000 एवं मेडल प्रदान किया जाएगा। वहीं चौथे से दसवें स्थान तक के विजयी प्रतिभागियों को ₹500 एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को आयोजक की ओर से टी–शर्ट प्रदान की जाएगी। आयोजक देवेंद्र कुशवाहा श्बबलूश् ने क्षेत्र के समस्त युवाओं, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें और नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की जयंती को उत्साह एवं खेल भावना के साथ मनाएं।

दसवीं की नाबालिक छात्रा के साथ स्कूल प्रबंधक ने किया छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

कप्तानगंज, कुशीनगर। बोदरवार बाजार में संचालित एक प्राइवेट स्कूल के प्रबंधक ने दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है।

बताते चलें कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बोदरवार बाजार में संचालित राजधारी सेन्ट्रल एकेडमी में बुधवार को छुट्टी होने के बाद स्कूल के प्रबंधक विद्याधर शुक्ल ने दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा को प्रिंसिपल के कक्ष में बुलाया और उसके साथ गलत हरकत करने लगे।उस समय कक्ष में प्रबंधक और छात्रा के अलावा दूसरा कोई नहीं था। जबकि कमरे में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है।आरोप है कि छात्रा के मना करने के बाद भी प्रबंधक अपने हरकच्त से बाज नहीं आये। किसी तरह छात्रा उनके चंगुल से निकल कर भागी।

बता दें छात्रा के अनुसार प्रबंधक विद्याधर शुक्ल ने छात्रा धमकी भी दी कि अगर किसी से भी इस घटना का जिक्र किया तो पास नहीं हो पाओगी। छात्रा रोते बिलखते किसी तरह अपने घर पहुंचीं। अपनी प्यारी बिटिया का हालत देखकर परिवार के लोग अवाक रह गए। काफी पूछने पर छात्रा ने अपनी आपबीती सिसकते हुए परिवार वालों को बताई। राजधारी सेन्ट्रल एकेडमी की मान्यता केवल कक्षा आठ तक ही है, विभागीय अधिकारियों के साठ–गांठ से इंटरमीडिएट तक संचालित होता है। घटना के बाद विद्याधर शुक्ल और स्कूल प्रबंधन द्वारा मामले को मैनेज करने का भरसक कोशिश किया गया, लेकिन बात नहीं बनी और पीड़ित परिवार सुबह होते ही गुरुवार को थाने पर पहुंच कर विद्याधर शुक्ल के खिलाफ तहरीर सौंप कर कार्यवाही की मांग किया। थाने पर भी मामले को मैनेज करने का प्रयास किया गया। छात्रा के परिवार वाले किसी के भी दबाव में नहीं आये और अंत में कप्तानगंज पुलिस ने पास्को सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

आरोपी विद्याधर शुक्ल भारतीय सेना से सेवानिवृत्त फौजी हैं। सेना से रिटायर्ड होने के बाद भारतीय जीवन बीमा निगम में कुछ वर्षों तक अधिकारी भी रहे हैं। इस संबंध में कप्तानगंज थाना प्रभारी धीरेन्द्र राय ने बताया कि तहरीर मिली है और बीएन एस की धारा 74 तथा पास्को अधिनियम की धारा 9श्10 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।साथ ही आरोपी विद्याधर शुक्ल भी पुलिस हिरासत में है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान आज

बीएलओ बूथों पर प्राप्त करेंगे दावे एवं आपत्तियां, पात्र नागरिक कराएं अपना नाम दर्ज

संवाददाता

कुशीनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज 21 नवंबर 2026 को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने बताया कि विशेष अभियान दिवस पर सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने निर्धारित मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, नाम अपमार्जित कराने तथा मतदाता विवरण में संशोधन से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फार्म–6, अपात्र अथवा मृतक मतदाताओं का नाम हटवाने के लिए फार्म–7 तथा मतदाता सूची में दर्ज विवरण में संशोधन, निवास स्थान परिवर्तन अथवा मतदाता पहचान पत्र से संबंधित सुधार के लिए फार्म–8 भरा जा सकता है।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपने एवं अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र सदस्य का नाम सूची में छूट गया है अथवा किसी प्रकार की त्रुटि है तो संबंधित मतदेय स्थल पर पहुंचकर बीएलओ के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र भरकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल होना लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक है। वहीं सभी नागरिक विशेष अभियान दिवस का लाभ उठाते हुए मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में सहयोग करें।

दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 16 दिसंबर 2026 निर्धारितहै।

अधिवक्ताओं व नागरिकों ने स्वयं मतदान कर वीवीपैट से किया सत्यापन

संवाददाता

प्रतापगढ़। मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली से परिचित कराने तथा मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तहसील सदर में ईवीएम प्रशिक्षण एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रेमचन्द मौर्य एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व उप जिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार सदर ओम प्रकाश सिंह एवं मास्टर ट्रेनर धर्मेन्द्र ओझा की उपस्थिति में विधान सभा क्षेत्र–248 प्रतापगढ़ एवं विधान सभा क्षेत्र–247 विश्वनाथगंज के लिए अलग–अलग ईवीएम मशीनें स्थापित की गईं। इसके माध्यम से तहसील परिसर में आने वाले अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों को ईवीएम से मतदान करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर लोगों ने बैलेट यूनिट पर अपनी पसंद के उम्मीदवार के सामने स्थित नीले बटन को दबाकर वोटिंग की। इसके बाद वीवीपैट मशीन में प्रदर्शित पर्ची को देखकर अपने वोट का सत्यापन किया।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा. मंडल रेल प्रबंधक हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

1.	ई–निविदा सूचना सं.	1227–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 20.11.2026
2.	कार्य का नाम	लखनऊ मंडल के अंतर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर माघ मेला 2026–27 की तैयारियों के संबंध में विद्युत परिसंपत्तियों के सुदृढ़ीकरण एवं अन्य छोटे–मोटे विद्युत मरम्मत कार्यों के साथ–साथ अस्थायी प्रकाश व्यवस्था तथा बैकअप विद्युत आपूर्ति की नानस्था से संबंधित विस्तृत कार्य।
3.	अनुमानित लागत	रु. 45,53,304.03/–(रुपये पैंतालीस लाख तिरपन हजार तीन सौ चार रुपये और तीन पैसे मात्र)।
4.	ई–निविदा की कीमत	शून्य
5.	बयाना राशि	रु. 91,100/– (रुपये इक्यानवे हजार एक सौ मात्र)।
6.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	04 माह
7.	ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि	दिनांक 11.12.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा. उत्तर रेलवे हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में।
8.	प्रस्ताव की वैधता	ई–निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन।
9.	उत्तर रेलवे की वेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर मेक की जा सकती है।

सूचना सं.: 1227–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक: 20.11.2026 4044/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

जब प्रियंका चोपड़ा ने अभिषेक बच्चन के फोन से एक अभिनेत्री को मैसेज किया



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने सिमी गरेवाल के साथ मुलाकात शो में अपने सह–कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ की गई एक मजेदार शरारत को याद किया। प्रियंका ने बताया कि एक बार उन्होंने अभिषेक का फोन छुपा दिया था और उससे अभिनेत्री रानी मुखर्जी को मैसेज किया था। गौरतलब है कि अभिषेक और रानी के अपने–अपने जीवनसाथी से शादी करने से पहले उनके बीच प्रेम संबंध होने की खबरें थीं। होस्ट सिमी गरेवाल ने प्रियंका से पूछा, क्या आपने कभी उनका मोबाइल चुराया था? प्रियंका ने बताया कि सबसे पहले अभिषेक ने ही उनका फोन चुराकर इस सब की शुरुआत की थी। प्रियंका ने आगे कहा कि उन्होंने इसे अभिषेक पर शरारत करने का मौका समझा। मैंने उसका फोन चुरा लिया और उसे छिपा दिया। मैंने उसके फोन से किसी को मैसेज भेजा... बस इतना कि मुझे तुम्हारी याद आ रही है, तुम कहां थीं? क्या तुम... सिमी ने खुलासा किया कि प्रियंका ने अभिषेक के फोन से रानी को मैसेज किया था, जिसका जवाब रानी ने देते हुए लिखा, हाय एबी, क्या हुआ है तुम्हें? जब प्रियंका ने सिमी से पूछा कि उसे इस घटना के बारे में किसने बताया, तो सिमी ने जवाब दिया, खैर, मैं बहुतों को जानती हूं। हालांकि, प्रियंका को पहले से ही पता था और उसने कहा, मुझे यकीन है कि यह एबी ही है। इस बीच, प्रियंका और अभिषेक का पेशेवर रिश्ता काफी लंबा है। उनका पहला साथ में प्रोजेक्ट 2005 में था, जब उन्होंने रोहन सिप्पी द्वारा निर्देशित फिल्म ब्लफमास्टर! में स्क्रीन शेयर की थी। इस ड्रामा में अभिषेक ने एक ठग का किरदार निभाया था, जबकि प्रियंका उनकी प्रेमिका सिम्मी के रूप में नजर आई थीं। 2008 में, प्रियंका और अभिषेक ने एक बार फिर द्रोणा के लिए साथ काम किया। गोल्डी बहल द्वारा निर्देशित इस फैंटेसी एडवेंचर फिल्म में अभिषेक मुख्य भूमिका में थे, जबकि प्रियंका उनकी रक्षक सोनिया के रूप में दिखाई दी थीं। उनकी आखिरी ऑन–स्क्रीन जोड़ी 2008 में तरुण मनसुखानी की फिल्म दोस्ताना में जॉन अब्राहम के साथ दिखाई दी थी।

कसरत करने के बाद इन तरीकों से करें रिकवरी, जल्द मिलेगी राहत

कसरत करने के बाद शरीर को ठीक से आराम देना उतना ही जरूरी है, जितना कि व्यायाम करना। कसरत के बाद शरीर की मांसपेशियों और जोड़ों पर जोर पड़ता है, जिसके कारण उनमें दर्द और अकड़न जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनसे राहत पाने के लिए शरीर को ठीक से आराम देना जरूरी है। आइए आज हम आपको कसरत के बाद शरीर की रिकवरी के लिए 5 आसान और प्रभावी तरीके बताते हैं।

पानी की कमी न होने दें

कसरत के बाद शरीर को पानी की कमी से बचाना बहुत जरूरी है। जब आप कसरत करते हैं तो शरीर से बहुत पसीना निकलता है, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। पानी पीने से शरीर को फिर से तरल पदार्थ मिलता है और यह तेजी से ठीक होता है। इसके अलावा आप नारियल पानी या फलों का रस भी पी सकते हैं। इससे शरीर को जरूरी खनिज लवण भी मिलते हैं, जो रिकवरी में मदद करते हैं।

प्रोटीन वाला खाना खाएं

कसरत के बाद प्रोटीन वाला खाना खाना बहुत फायदेमंद हो सकता है। प्रोटीन मांसपेशियों की मरम्मत करने और उन्हें मजबूत बनाने में मदद करती है।

इसके लिए आप दाल, दूध, दही या चिकन जैसी चीजें खा सकते हैं।



इसके अलावा आप प्रोटीन शेक या बार भी ले सकते हैं, जो जल्दी और आसानी से प्रोटीन प्रदान करते हैं। इससे आपकी मांसपेशियां तेजी से ठीक होती हैं और आप जल्दी से तैयार हो जाते हैं।

स्ट्रेचिंग करें

कसरत के बाद स्ट्रेचिंग करना बहुत जरूरी है क्योंकि यह मांसपेशियों को आराम देती है और खिंचाव कम करती है। इससे रक्त संचार भी बढ़ता है, जिससे शरीर में जमा लैक्टिक एसिड बाहर निकलता है और दर्द कम होता है।

इसके अलावा स्ट्रेचिंग शरीर का लचीलापन बढ़ाती है, जिससे अगली बार की कसरत आसान हो जाती है। इससे शरीर में ताजगी और आराम महसूस होता है, जिससे आपकी रिकवरी प्रक्रिया भी बेहतर होती है।

पूरी नींद लें

पूरी नींद लेना शरीर की रिकवरी के लिए बहुत जरूरी है। जब आप सोते हैं तो आपका शरीर खुद ही मरम्मत करता रहता है और थकान दूर करता है। अच्छी नींद लेने से आपकी मांसपेशियां ठीक होती हैं और अगली बार की कसरत करने की ऊर्जा मिलती है। कोशिश करें कि आप रोजाना 7–8 घंटे की नींद लें ताकि आपका शरीर पूरी तरह से आराम कर सके। इससे आप तरोताजा महसूस करेंगे और आपकी कसरत भी बेहतर होगी।

आराम करें

कभी–कभी आराम करना ही सबसे अच्छा उपाय होता है। अगर आपको बहुत ज्यादा थकान महसूस हो रही है या दर्द हो रहा है तो एक दिन पूरी तरह आराम करें। इसका मतलब यह नहीं कि आप कुछ न करें, बल्कि हल्की–फुल्की एक्सरसाइज जैसे कि चलना या योग करना बेहतर रहेगा। इससे आपका शरीर जल्दी ठीक होगा और आप अगली बार की कसरत के लिए तैयार हो जाएंगे।

इंडियन आइडल के मंच पर भावुक हुईं उर्मिला मतोंडकर, हिंदी सिनेमा और संगीत की सराहना की


अभिनेत्री उर्मिला मतोंडकर हाल ही में सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न में गेस्ट के तौर पर शिरकत की। शो में उन्होंने संगीत की विरासत और इंडियन म्यूजिक इंडस्ट्री को आकार देने वाले कलाकारों की सराहना की। शो में उर्मिला ने हिंदी सिनेमा से अपने पर्सनल कनेक्शन के बारे में बात की और बताया कि कैसे म्यूजिक पर्दे पर इमोशन्स और कहानियों को जिंदा करने में अहम भूमिका निभाता है। उर्मिला ने कहा, इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न का हिस्सा बनना मेरे लिए काफी पर्सनल रहा है। हिंदी सिनेमा के जादू को करीब से देखने के बाद मैं जानती हूं कि म्यूजिक किसी फिल्म को कितनी गहराई से बदल सकता है, किसी पल को खास बना सकता है और कहानी खत्म होने के बाद भी लोगों के दिलों में बस सकता है। अभिनेत्री ने गानों की महत्ता पर बात करते हुए कहा, कई बार कोई विजुल्स वो बात नहीं कह पाते हैं, जो आवाज कह जाती है। जैसे, किसी सीन में दुख, प्यार या खुशी दिखाया जा रहा हो लेकिन जब उस पर एक अच्छा गाना बजता है, तो वो फीलिंग सीधे दिल तक पहुंच जाती है। इसीलिए म्यूजिक हमारी फिल्मों का इतना जरूरी हिस्सा है और जब हम उन पुराने गायकों को फिर से स्टेज पर लौटते देखते हैं, तो अपनी पुरानी यादें ताजा करते हैं। उन्होंने कहा, पुराने गायकों की आवाजें दर्शकों की यादों का हिस्सा रही हैं और उन्हें फिर से एक साथ देखना ऐसा लगा जैसे टैलेंट, म्यूजिक और इंडियन आइडल फैमिली का एक खूबसूरत रीयूनियन देख रही हूं।





वजन उठाने वाली एक्सरसाइज शुरू करने से पहले जान लें ये बातें

वजन उठाने वाली एक्सरसाइज को अक्सर लोग जिम में शरीर बनाने और मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप इसका अभ्यास बिना किसी योजना के कर दें। दरअसल, वजन उठाने वाली एक्सरसाइज को शुरू करने से पहले कुछ बातों का खास ध्यान रखना जरूरी है ताकि आपको इसका पूरा लाभ मिल सके। आइए आज हम आपको वजन उठाने वाली एक्सरसाइज से जुड़ी अहम बातें बताते हैं।



वजन उठाने वाली एक्सरसाइज शुरू करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। खासतौर से अगर आप पहले से कोई बीमारी या चोट से जूझ रहे हैं या आपकी उम्र 45 साल से ज्यादा है। डॉक्टर आपकी सेहत का आकलन करके आपको वजन उठाने वाली एक्सरसाइज करने की इजाजत दे सकते हैं या नहीं। इसके अलावा डॉक्टर आपको सही आहार और एक्सरसाइज के बारे में भी बता सकते हैं।

प्रशिक्षक से लें मार्गदर्शन

वजन उठाने वाली एक्सरसाइज करते समय शरीर की मुद्रा का सही होना जरूरी है क्योंकि गलत तरीके से की गई एक्सरसाइज से चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप वजन उठाने वाली एक्सरसाइज शुरू करने से पहले किसी अच्छे प्रशिक्षक से मार्गदर्शन लें। इसके अलावा आप ऑनलाइन वीडियो देखकर भी वजन उठाने वाली एक्सरसाइज की सही तकनीक और फॉर्म को सीख सकते हैं।

धीरे–धीरे बढ़ाएं वजन

अगर आप वजन उठाने वाली एक्सरसाइज से जुड़ी सभी तकनीक और फॉर्म सीख भी जाते हैं तो भी आपको शुरुआत में हल्का वजन उठाना चाहिए। यह मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा इससे आपको सही फॉर्म को बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही आपको अधिक वजन उठाने के कारण चोट लगने का खतरा भी नहीं रहेगा। इसके बाद ही आप धीरे–धीरे वजन बढ़ा सकते हैं।

वार्मअप करना है जरूरी

वजन उठाने वाली एक्सरसाइज से पहले वार्मअप करना बहुत जरूरी है। दरअसल, जब आप अपने शरीर को गर्म करते हैं तो इससे आपके दिल की धड़कनें बढ़ती हैं और आपकी मांसपेशियां सक्रिय हो जाती हैं। इससे आपके शरीर में लचीलापन भी आता है और आप आसानी से वजन उठाने वाली एक्सरसाइज कर सकते हैं।

इसके अलावा वार्मअप करने से शरीर में रक्त संचार बढ़ता है, जिससे शरीर में मौजूद जमी हुई चर्बी आसानी से पिघलने लगती है।

हाइड्रेट रहें

वजन उठाने वाली एक्सरसाइज के दौरान शरीर को पर्याप्त पानी देना महत्वपूर्ण है। अगर आप जिम में बहुत पसीना बहा रहे हैं तो पानी के साथ–साथ इलेक्ट्रोलाइट्स का सेवन भी करें।

नेहा धूपिया को सता रहा रघु राम का डर, बोलीं– काश इस सीजन में वे नहीं होते

टेलीविजन प्रोड्यूसर और अभिनेता रघु राम 12 साल बाद लोकप्रिय एडवेंचर रियलिटी शो रोडीज रीबर्थ में वापसी करने जा रहे हैं। शो की गैंग लीडर नेहा धूपिया रघुराम की इस वापसी से नाखुश नजर आ रही हैं। नेहा धूपिया ने आईएएनएस के साथ बातचीत में कहा कि रघु की वापसी से वह बहुत घबराई हुई हैं। उन्होंने कहा, उनकी वापसी से मैं बहुत डरी हुई हूं। काश, वह इस सीजन में नहीं होते। गेम में वे पहले जो ट्विस्ट लेकर आए थे, उसने हमें काफी चौंकाया था। दरअसल, जब वे पहली बार आए थे, तो हमें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि आगे क्या होने वाला है। उन्होंने आगे कहा, अगली बार जब वे फिर से लौटे, तो वे हमें और भी ज्यादा चौंकाने वाले ट्विस्ट लेकर आए थे। अब तो बस यही चाहते हैं कि हम अपना काम आराम से कर लें और रघु अचानक से न आ जाएं। बता दें कि रघु राम ने साल 2003 में शो रोडीज की शुरुआत और निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी। वो शो के पहले सीजन से लेकर 11वें सीजन तक बतौर जज और मास्टरमाइंड जुड़े रहे। उनके सख्त रवैये और तीखे सवालों के चलते उन्हें टीवी का सबसे कड़क जज माना जाता था। साल 2014 में क्रिएटिव मतभेदों और प्रोड्यूसर्स के दखल के कारण रघु राम ने अपने भाई राजीव लक्ष्मण के साथ यह शो छोड़ दिया था। पूरे 12 साल के लंबे अंतराल के बाद, रघु राम एक बार फिर शो के 21वें सीजन रोडीज रीबर्थ में लौट रहे हैं। इस बार वे एक खास और नई शक्ति के साथ वापसी कर रहे हैं, जिससे वे कंटेस्टेंट्स के मौत या पुनर्जन्म जैसे बड़े फैसले करेंगे। एमटीवी रोडीज सबसे लंबे समय तक चलने वाले एडवेंचर रियलिटी शोज में से एक है और इसका क्रेज भारतीय सीमाओं के बाहर भी कई देशों में देखने को मिलता है। रोडीज की लोकप्रियता को देखते हुए इसे दुनिया भर के 35 से अधिक देशों में प्रसारित किया जाता रहा है।



IND &A vs Nepal: तिलक-कुशाग्र ने बल्ले से उगली आग, राणा-प्रिंस ने गेंद से बरपाया कहर, भारत की नेपाल पर रिकॉर्ड जीत

स्पोर्ट्स डेस्क, नई दिल्ली। पहले कुमार कुशाग्र और कप्तान तिलक वर्मा की शतकीय पारियों और बाद में प्रिंस यादव और हर्षित राणा की दमदार गेंदबाजी की वजह से भारत ने एसीसी मेंस राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2026 के मुकाबले में शुक्रवार को नेपाल को 306 रनों से मात दे दी है।

333 रनों के विशालकाय लक्ष्य का पीछा करने उतरे नेपाल ने प्रिंस और हर्षित के आगे घुटने टेक दिए। वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में प्रिंस ने सिर्फ छह रन देकर पांच विकेट झटके। वहीं हर्षित ने 16 रन देकर चार विकेट लिए। नेपाल सिर्फ 11.3 ओवर में ही सिमट गया। राणा ने पहले ही ओवर में नेपाल को झटका दिया। इसके बाद अगले ओवर में प्रिंस ने दो विकेट चटकाए। फिर तीसरे ओवर में हर्षित ने एक और विकेट चटकाया।

दोनों ही गेंदबाजों ने नेपाल को सांस लेने का मौका नहीं दिया और पूरी टीम को सिर्फ 26 रनों पर ही समेट दिया। भारत ने ये मुकाबला आसानी से जीत लिया।इससे पहले कप्तान तिलक वर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र के शानदार शतकों



की मदद से भारत-ए ने नेपाल के सामने 333 रन का लक्ष्य रखा था। भारत-ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर 332 रन बनाए।

नेपाल ने टॉस जीतकर भारत-ए को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी ने पारी की शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने संभलकर खेलते हुए पारी को आगे बढ़ाया।

नेपाल को पहली सफलता छठे ओवर में नंदन यादव ने दिलाई। उन्होंने अभिषेक शर्मा को पवेलियन भेजा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए आयुष बडोनी भी ज्यादा देर नहीं टिक सके और सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए।

वैभव ने 32 गेंदों में 26 रन बनाए। उन्हें 11वें ओवर में पवन सरोफ ने आउट किया। इसके बाद कप्तान तिलक वर्मा और कुमार कुशाग्र ने पारी को संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 206 रन की शानदार साझेदारी कर भारत-ए को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

कुशाग्र ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 102 गेंदों में 117 रन बनाए। उनकी पारी में 10 चौके और पांच छक्के शामिल रहे। उन्हें ललित राजबंशी ने आउट किया। वहीं, तिलक वर्मा ने भी शानदार शतक लगाया। वह 46वें ओवर में आउट हुए। उन्होंने 113 गेंदों में 107 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे। आखिरी ओवरों में रिकू सिंह (9) और शाहबाज अहमद (8) तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे। हालांकि, सूर्यांश शेडगे ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए भारत-ए को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने सिर्फ 14 गेंदों में नाबाद 36 रन बनाए। उनकी पारी में चार चौके और चार छक्के शामिल रहे। नेपाल की ओर से ललित राजबंशी और कप्तान संदीप लामिछाने ने तीन-तीन विकेट हासिल किए।

भारतीय शेयर बाजार सपाट खुला

मुंबई, एजेंसी। भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत गुरुवार को सपाट हुई। इस दौरान सेंसेक्स 42.35 अंक या 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,074.16 और निफ्टी 41.15 अंक या 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,186.80 पर था। मिडकैप और स्मॉलकैप की शुरुआत लाल निशान में हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 163.50 अंक या 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 60,815.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 22.65 अंक या 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,308.95 पर था। सूचकांकों में निफ्टी ऑटो, निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी इंडिया डिफेंस टॉप गेनर्स थे। इसके अलावा, निफ्टी आईटी, निफ्टी मीडिया, निफ्टी मेटल, निफ्टी सर्विसेज,निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी एनर्जी लाल निशान में थे।

IND vs NZ : राहुल और यशस्वी का ऐतिहासिक कमाल गावस्कर और चेतन चौहान के रिकॉर्ड को किया ध्वस्त

स्पोर्ट्स डेस्क, नई दिल्ली। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शानदार बल्लेबाजी से ऐतिहासिक कमाल कर दिया। इस जोड़ी ने टीम इंडिया को वो शुरुआत दी जिसकी उसे जरूरत थी। इसी के साथ इस जोड़ी ने सुनील गावस्कर और चेतन चौहान की जोड़ी के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 368 रन बनाए। यह स्कोर न्यूजीलैंड के स्थिति के हिसाब से मजबूत माना जाता है। ऐसे में भारत को ठोस शुरुआत की जरूरत थी जो राहुल और यशस्वी ने उसे दी। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 130 रन जोड़े।

चौथे नंबर पर नवजोत सिंह सिद्धू और नयन मोंगिया की साझेदारी है। इस जोड़ी ने 1994 में हेमिल्टन में पहले विकेट के लिए 102 रन जोड़े थे। यह चार ही मौके हैं जब भारत की



सलामी जोड़ियों ने टेस्ट में न्यूजीलैंड में पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की है।

यह जोड़ी जिस तरह की बल्लेबाजी कर रही थी उससे न्यूजीलैंड के गेंदबाज परेशान हो रहे थे। दोनों ही किसी को कोई मौका नहीं दे रहे थे। लग रहा था कि यशस्वी शतक पूरा कर लेंगे, लेकिन तभी हेनरी ने उनकी पारी का अंत कर दिया। हेनरी ने यशस्वी को विकेटकीपर टॉम ब्लंडल के हाथों कैच कराया। यशस्वी ने 89 गेंदों पर 16 चौकों की मदद से 85 रन बनाए। केएल राहुल 52 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ देवदत्त पडिक्कल 16 रन बनाकर खेल रहे हैं। यशस्वी और राहुल की यह साझेदारी न्यूजीलैंड में टेस्ट में पहले विकेट के लिए भारत की अभी तक की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इस नंबर पर इस जोड़ी से पहले सुनील गावस्कर और चेतन चौहान की जोड़ी थी। इस जोड़ी ने साल 1981 में क्राइस्टचर्च में 114 रनों की साझेदारी की थी। न्यूजीलैंड में टेस्ट में भारत के लिए सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप का रिकॉर्ड मनोज प्रभाकर और डब्ल्यूवी रमन के नाम है। इस जोड़ी ने ऑकलैंड में 149 रनों की साझेदारी की थी।

ऊर्जा मंत्री की जनसुनवाई में सामने आई कई प्रशासनिक खामियां

शहीद के नाम का बोर्ड तोड़ने के मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश

राजेंद्र सिंह जादौन

चण्डीगढ़। सुशासन का दावा करने वाली हरियाणा की भाजपा सरकार के ऊर्जा मंत्री की जनसुनवाई में ही बड़ी गंभीर खामियां सामने आई।नाराज हुए मंत्री ने कही निलंबन तो कही जांच के आदेश दिए है।

प्रशासनिक ढिलाई के मद्देनजर ऊर्जा अनिल विज ने सख्त अंदाज में विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वो जनता की शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने दो टूक कहा कि काम में बेवजह देरी और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। खासकर इंतकाल जैसे मामलों में लोगों को महीनों तक दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ें, यह बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा ऐसी शिकायतें सामने आती हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह रहने और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के निर्देश दिए। विज ने गुरुवार को अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना। विज ने इंतकाल कराने के मामलों में हुई देरी के अलग-अलग मामलों में कड़ा संज्ञान लिया और सभी मामलों में एसडीएम अम्बाला कैंट को जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाए उसे निलंबित किया जाए। उन्होंने इन मामलों की जांच रिपोर्ट भी देने के निर्देश दिए।

विज के समक्ष अम्बाला छावनी निवासी महिला ने शिकायत रखते हुए कहा कि बीते कुछ माह से तहसील कार्यालय के वह चक्कर लगा रही हैं मगर उन्हें अलग-अलग बहाने बनाकर उनका इंतकाल लटकाया जा रहा है। इसी प्रकार एक अन्य मामले में अम्बाला छावनी निवासी व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसका इंतकाल बीते कुछ समय से नहीं हो रहा। वह पटवारी के पास गया तो अलग-अलग बहाने बनाकर उसे वापस लौटा दिया गया। इसी प्रकार इंतकाल नहीं होने के अन्य मामले आने पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इनपर कड़ा संज्ञान लिया और कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अम्बाला छावनी एसडीएम को विशेष कैंप लगाकर लंबित इंतकाल निपटाने के निर्देश दिए। जनसमस्याओं को सुनने के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज का कई लोगों ने शहीद स्मारक निर्माण को लेकर आभार जताया। उन्होंने कहा कि स्मारक निर्माण कर जो कार्य मंत्री अनिल विज द्वारा किया गया है वह हमेशा याद रखा जाएगा। इस एक प्रशंसक ने शहीद स्मारक बनने व उनकी कार्यशैली से प्रभावित होकर गीत भी सुनाया।

अनिल विज ने एसई को लगाई कड़ी फटकार'

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष लगभग सवा लाख रुपए बिजली बिल लंबित होने का मामला सामने आया जिसपर उन्होंने कहा कि उपभोक्ता से काफी अर्से से नियमित तौर पर बिजली बिल की वसूली क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि यदि समय पर बिल वसूला जाता तो उपभोक्ता का सवा लाख रुपए बिल नहीं बनता। उन्होंने मौके पर मौजूद बिजली निगम एसई को मामले में कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि समयबद्ध बिल क्यों नहीं वसूला जा रहा? उन्होंने भविष्य में ऐसी शिकायत आने पर दोषी अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

शहीद का बोर्ड तोड़ने के मामले में एफआईआर के निर्देश दिए'

अनिल विज के समक्ष गांव गरनाला के शहीद गुरसेवक सिंह के पिता ने शिकायत देते हुए बताया कि गांव के गेट पर शहीद का बोर्ड शरारती तत्वों द्वारा तोड़ा गया है व गायब कर दिया गया है। मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने पंजोखरा थाने के एसएचओ को इस मामले में कार्रवाई कर जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मामले में जो दोषी पाया जाए उसपर सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

डेढ़ साल से नहीं लगी विधवा पेंशन, निलंबन के निर्देश

अनिल विज के समक्ष अम्बाला छावनी निवासी महिला ने शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि डेढ़ साल से पेंशन विभाग द्वारा उसकी विधवा पेंशन नहीं लगाई गई है जबकि वह विभागीय कार्यालय के चक्कर काट-काटकर थक चुकी है। उसका आरोप था कि पेंशन विभाग लगातार टाल-मटोल कर रहा है। महिला की शिकायत पर कड़ा संज्ञान लेते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने विभागीय स्टाफ को फटकार लगाई और एसडीएम को इस मामले में जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाए उसे तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाए। उन्होंने कहा कि महिला की डेढ़ वर्ष से पेंशन नहीं लगना यह विभागीय कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रश्नचिन्ह है।

प्लाट खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी, डीलर पर केस दर्ज करने के निर्देश दिए

विज को फरियादी ने शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि उसने कुछ वर्ष पूर्व जग्गी प्रापर्टी डीलर से प्लाट की खरीद की थी। मगर इसके बाद डीलर द्वारा न तो उसे प्लाट दिया गया और न ही उसकी राशि उसे वापस लौटाई गई। अब वह डीलर से बात करता है तो उसे धमकियां दी जा रही है। मंत्री अनिल विज ने एसपी अम्बाला को मामले में केस दर्ज करने निर्देश दिए।

अवैध स्लॉटर हाउस तुरंत बंद कराने के निर्देश

अनिल विज को बीडी फ्लोर मील के पिछले क्षेत्र से आए लोगों ने शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में एक अवैध स्लॉटर हाउस चल रहा है जिससे इलाके के निवासियों को वहां रहना दुर्भर हो गया है। स्लॉटर हाउस के कारण दुर्गंध और गंदगी रहती है। मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद के ईओ को निर्देश दिए कि शाम तक अवैध स्लॉटर हाउस बंद होना चाहिए। उन्होंने पुलिस को भी मौके पर भेज कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनेतपुर में टयूबवेल फेल, जांच के निर्देश

गांव जनेतपुर निवासी लोगों ने ऊर्जा मंत्री को शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में टयूबवेल के लिए बोर किया गया था, मगर उसमें से गंदा पानी आ रहा है। गांववासियों के साथ अन्य लोगों का भी आरोप था कि विभाग द्वारा बीते कुछ समय से कई गांवों में बोर किए गए, मगर वहां टयूबवेल फेल हुए। उनका आरोप था कि विभागीय लापरवाही की वजह से बोर ठीक नहीं हो रहे है जिससे सरकारी राशि का नुक्सान हो रहा है। मंत्री अनिल विज ने इस मामले में भी जांच के आदेश दिए हैं।

अनिल विज के समक्ष महेशनगर थाना क्षेत्र से मारपीट, महिला उत्पीड़न, मंदिर विवाद एवं अन्य कई शिकायतें आई जिन पर उन्होंने कड़ा संज्ञान लेते हुए महेशनगर थाना एसएचओ को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि थाने स्तर पर इन शिकायतों का निपटान होना चाहिए, मगर पुलिस क्यों मामलों में कार्रवाई नहीं कर रही। अलग-अलग शिकायतों पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष करधान में गली के बीच में ट्रांसफार्मर लगे होने, टुंडला निवासी महिला ने मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं होने, दलीपगढ़ में गेट निर्माण को लेकर विवाद होने, डिफेंस कालोनी में 33केवी लाइन को शिफ्ट करने, पटेल नगर में चोरी के मामले में कार्रवाई नहीं होने, धनकौर में प्लाट खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी करने, डिफेंस कालोनी सेक्टर-डी के एक हिस्से में रोड बनाने के अलावा अन्य कई शिकायतें ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष आई जिनपर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए।

भारतीय शेयर बाजार ने फिर से पकड़ी रफ्तार

मुंबई, एजेंसी। पिछले दिन की गिरावट के बाद गुरुवार के सत्र में भारतीय शेयर बाजार ने फिर से रफ्तार पकड़ते हुए शानदार उछाल के साथ कारोबार की समाप्ति की। इस दौरान दोनों प्रमुख बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी 50 में 1 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई। बाजार बंद होने पर, सेंसेक्स 989.94 अंक यानी 1.21 प्रतिशत चढ़कर 83,021.75 पर पहुंच गया, तो वहीं निफ्टी 50 286.35 अंक यानी 1.14 प्रतिशत बढ़कर 25,514.30 पर पहुंच गया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स ने 83,043.87 का उच्चतम स्तर टच किया, जबकि निफ्टी 50 ने 25,514.30 का इंट्रा-डे हाई बनाया। निफ्टी 50 इंडेक्स में सबसे ज्यादा बढ़त मारुति सुजुकी के शेयरों में देखने को मिली, जिनके शेयर 7.58 प्रतिशत चढ़े। इसके बाद आयशर मोटर्स, एमएंडएम, टीएमपीवी, और एचयूएल का स्थान रहा, जिनमें 4 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त देखने को मिली।

वेटोरी ने बताई ट्रेविस हेड को रिलीज करने की वजह

नयी दिल्ली, एजेंसी। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के हेड कोच डैनियल वेटोरी ने बताया है कि ट्रेविस हेड का आईपीएल 2027 सीजन से बाहर रहने का फैसला एक बड़ा कारण था, जिसके चलते फ्रेंचाइजी ने इस ऑस्ट्रेलियाई ओपनर को रिलीज किया है। एसआरएच अपने मुख्य खिलाड़ियों (कोर ग्रुप) को बनाए रखना चाहती है। साथ ही आगामी नीलामी में टीम की कमियों को भी दूर करना चाहती है। हेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को प्राथमिकता देने के कारण आईपीएल के आगामी सीजन में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। पिछले तीन सीजन से हैदराबाद की बल्लेबाजी लाइनअप का अहम हिस्सा रहे



हेड, अब फ्रेंचाइजी की अगली आईपीएल योजनाओं का हिस्सा नहीं होंगे। वेटोरी ने बताया कि यह फैसला टीम द्वारा खिलाड़ियों की उपलब्धता और मौजूदा साइकिल के आखिरी साल है। साथ ही, हम यह करते हुए कहा, रिटेंशन के पीछे इस बार मुख्य फोकस इस बात पर था कि यह मौजूदा साइकिल का आखिरी साल है। साथ ही, हम यह भी ध्यान में रखना चाहते थे कि हमारा पिछला सीजन अच्छा रहा था और हम अपनी टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बनाए रखना चाहते थे। इसके साथ ही हमें यह भी पता था कि टीम में कुछ सुधार की जरूरत है और खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर भी कुछ दिक्कतें थीं। उन्होंने आगे कहा, खिलाड़ियों की उपलब्धता इसमें एक बहुत बड़ा कारक थी। ट्रेविस हेड, जो पिछले तीन वर्षों से टीम का अहम हिस्सा रहे है उन्होंने इस सीजन से बाहर रहने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया के लिए उनका आने वाला साल बहुत महत्वपूर्ण है ।

मैं कहीं भी बल्लेबाजी करने का आदी रहा हूं : हेनरी निकोल्स

वेलिंगटन, एजेंसी। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज हेनरी निकोल्स का कहना है कि केन विलियम्सन के संन्यास के बाद नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने के बावजूद उनके खेलने के तरीके में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता हमेशा पारी को संभालकर आगे बढ़ाने और बल्लेबाजी को सरल रखने की रही है। निकोल्स ने गुरुवार को बेसिन रिजर्व में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन की समाप्ति तक नाबाद 113 रन बना लिए हैं। उन्होंने उस अहम तीसरे नंबर की जगह ली है, जिस पर पहले विलियम्सन बल्लेबाजी करते थे। विलियम्सन को इस स्थान पर न्यूजीलैंड के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। जब उनसे पूछा गया कि छठे से तीसरे नंबर पर आने के लिए उन्होंने क्या बदलाव किए हैं और विलियम्सन की जगह लेने की चुनौती के बारे में उनका क्या सोचना है, तो निकोल्स ने कहा कि वह अपने पूरे करियर में अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी करने के आदी रहे हैं।

21 नवंबर से 7.5 लाख करोड़ रुपए का कारोबार होने का अनुमान

नयी दिल्ली, एजेंसी। देश में आगामी शादी के सीजन के दौरान 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच करीब 7.5 लाख करोड़ रुपए की आर्थिक गतिविधियां होने का अनुमान है। इस अवधि में देशभर में लगभग 52 लाख शादियां होने की संभावना है। यह जानकारी कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने गुरुवार को दी। व्यापारियों के संगठन ने कहा कि दिसंबर के मध्य में खरमास (मलमास) शुरू होने से पहले समाप्त होने वाला शादी का यह सीजन खपत आधारित आर्थिक विकास के सबसे बड़े कारकों में से एक बनकर उभर सकता है। इससे खुदरा कारोबार, विनिर्माण, हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों को फायदा मिलने की उम्मीद है। कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि अनुमानित खर्च का यह पैमाना दर्शाता है कि किस तरह शादियां एक बड़े आर्थिक इकोसिस्टम के रूप में विकसित हुई हैं, जो देशभर के व्यापारियों,



निर्माताओं, एमएसएमई, कारीगरों और सेवा प्रदाताओं को समर्थन देता है। कैट के अनुमान के मुताबिक, अकेले दिल्ली-एनसीआर में करीब 5 लाख शादियां होने की संभावना है। इससे लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपए का कारोबार होने का अनुमान है। इससे देश के सबसे बड़े शादी संबंधी व्यावसायिक केंद्रों में दिल्ली-एनसीआर की स्थिति और मजबूत होगी। कैट ने कहा कि शादी से जुड़े खर्च का फायदा ज्वेलरी, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, खाद्य उत्पाद, इवेंट मैनेजमेंट, हॉस्पिटैलिटी, परिवहन, फोटोग्राफी और सजावट सेवाओं समेत कई क्षेत्रों को मिलने की उम्मीद है। अनुमानित 7.5 लाख करोड़ रुपए के कारोबार में से करीब 4 लाख करोड़ रुपए यानी 54 प्रतिशत हिस्सा वस्तुओं और खुदरा खरीदारी से आने की संभावना है, जबकि शेष 3.45 लाख करोड़ रुपए का योगदान सेवा क्षेत्र से रहने का अनुमान है। ज्वेलरी और कीमती धातुओं का इस कारोबार में सबसे बड़ा योगदान रहने की उम्मीद है। इस पर करीब 1.2 लाख करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसके बाद कपड़ों और परिधानों पर लगभग 90,000 करोड़ रुपए खर्च होने की संभावना है। अन्य प्रमुख श्रेणियों में उपहार और शादी से जुड़े सामान, किराना और खाद्य सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक्स, मिठाइयां और कन्फेक्शनरी, फर्नीचर और घरेलू सामान शामिल हैं। सेवा क्षेत्र की बात करें तो कैटरिंग से 75,000 करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है।

डॉलर में मजबूती से सोना 1.30 लाख रुपए के नीचे फिसला

मुंबई, एजेंसी। सोना गुरुवार को शुरुआती कारोबार में कमजोर बना हुआ है। यह अब फिसलकर 1.30 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के नीचे पहुंच गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह 10:35 पर सोने का 4 दिसंबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 690 रुपए या 0.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,29,124 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।? अब तक के कारोबार में सोने ने 1,28,310 रुपए प्रति 10 ग्राम का न्यूनतम स्तर और 1,29,550 रुपए प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर छुआ है। सोने की अपेक्षा चांदी में सपाट कारोबार हो रहा है। खबर लिखे जाने तक चांदी का 4 दिसंबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 12 रुपए की मामूली तेजी के साथ 1,60,746 रुपए प्रति किलो पर थी।

वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में भारतीय कंपनियों ने किया मजबूत प्रदर्शन

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कंपनियों का वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में प्रदर्शन मजबूत रहा है। इस दौरान गैर-वित्तीय कंपनियों की शुद्ध बिक्री सालाना आधार पर 24.5 प्रतिशत बढ़ी है। साथ ही, परिचालन मुनाफा सालाना आधार पर 23.6 प्रतिशत बढ़ा है। यह जानकारी गुरुवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स की यह रिपोर्ट 1,572 सूचीबद्ध गैर-वित्तीय कंपनियों के सैंपल पर आधारित है। इसमें बताया गया कि शुद्ध बिक्री में वृद्धि दर पिछली तिमाही के 22 प्रतिशत से और तेज हो गई है। यह लगातार चौथी तिमाही है जब दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई है। यह व्यापक वृद्धि मुख्य रूप से तेल और गैस, ऑटोमोबाइल और उससे जुड़े क्षेत्रों, बुनियादी ढांचे और लौह एवं इस्पात क्षेत्रों की बदौलत हुई है। कुल बिक्री में इन क्षेत्रों का हिस्सा लगभग 60 प्रतिशत है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया, भले ही घरेलू अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन अब तक दिखी गति और बदलती चुनौतियों से निपटने की कंपनियों की क्षमता को देखते हुए, आने वाली तिमाहियों में भी कॉर्पोरेट प्रदर्शन मजबूत बना रहेगा। वित्त

प्रकाशक, मुद्रक एवम् संपादक विजय दुबे द्वारा 62, पार्वती नगर, पाण्डेयपुर, वाराणसी से प्रकाशित व काशी प्रिंटर्स, मिन्ट हाउस, वाराणसी से मुद्रित। समस्त विवादों को लखनऊ की सक्षम अदालतों में निपटाया जायेगा।

फोन : 91 8787220970
91 9839666352
आर.एन.आई: UPHIN/2008/32231
डाक पंजीयन : जी-2/न्यूज पेपर/59/2004.
E-mail: lokhastakshep@gmail.com

संपादक: विजय दुबे
कार्यकारी संपादक: दीप्ती दुबे
संपादकीय सलाहकार : राधाकृष्ण मिश्र

'समाचारों के चयन व संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी



हरियाणा का लोहा व्यापार प्रदेश की अर्थव्यवस्था व औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण आधार : अमित गुप्ता कासनिया

- हरियाणा लोहा व्यापार संघ की वार्षिक बैठक एवं दिवाली मिलन समारोह
- व्यापारिक विकास और आधुनिक तकनीक पर हुआ मंथन

गुरुग्राम/ लोकेश कुमार। हरियाणा लोहा व्यापार संघ (एचएलवीएस) की ओर से वार्षिक सामान्य बैठक एवं दिवाली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संपूर्ण आयोजन व्यवस्था संघ के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अमित गुप्ता कासनिया के मार्गदर्शन में की गई। समारोह में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोहा व्यापारियों, पदाधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की।



कार्यक्रम में रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। संघ पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों एवं व्यापारियों का स्वागत किया। समारोह में व्यापारियों ने एक–दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और संगठन की एकता एवं मजबूती के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अमित गुप्ता कासनिया ने कहा कि हरियाणा का लोहा व्यापार प्रदेश की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण आधार है। व्यापार की सफलता के लिए ईमानदारी, पारदर्शिता और ग्राहकों का विश्वास सबसे जरूरी है। आज के बदलते दौर में व्यापारियों को आधुनिक तकनीक, डिजिटल व्यवस्था और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी सुविधाओं को अपनाना चाहिए।

रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने अपने संबोधन में व्यापारियों से व्यापार के साथ–साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में व्यापारियों को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। इस दौरान भारत सरकार के एमएसएमई डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन कार्यालय, करनाल के एडिशनल डेवलपमेंट कमिश्नर संजीव चावला ने स्कोप फॉर एमएसएमई डेवलपमेंट विषय पर प्रस्तुति दी। वहीं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर स्टील डीलर्स विषय पर स्टील कारोबार में एआई के उपयोग और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। पेमेंट रिकवरी कोच रुशनीक सिंह ने इफेक्टिव पेमेंट रिकवरी एंड क्रेडिट मैनेजमेंट विषय पर व्यापारियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर संजय गडे ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। बिगमिंट के सीईओ ध्रुव गोयल ने भी व्यापारियों के साथ अपने अनुभव और व्यावसायिक जानकारियां साझा कीं।

कार्यक्रम में हिसार से राज्य उपप्रधान अशोक बंसल, फरीदाबाद से राज्य उपप्रधान सतीश गर्ग, रोहतक से राज्य महासचिव मामन चंद गोयल, दिल्ली से राज्य कोषाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता तथा पानीपत से राज्य संयुक्त कोषाध्यक्ष नरेश बंसल सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त गुरुग्राम एवं मेवात के जिला प्रधान सुमित अरोड़ा, रोहतक जिला प्रधान नरेंद्र देशवाल, हिसार जिला प्रधान श्याम जिंदल, फरीदाबाद एवं पलवल जिला प्रधान सीपी कालरा, सिरसा जिला प्रधान पुरुषोत्तम गोयल और कुरुक्षेत्र जिला प्रधान सुनील (मोनू ग्रोवर) सहित प्रदेशभर के व्यापारियों ने समारोह में भाग लिया।

समारोह के दौरान व्यापारियों ने अपने अनुभव सांझा किए और व्यापार में आने वाली चुनौतियों, भुगतान प्रबंधन, तकनीकी बदलाव तथा नए व्यावसायिक अवसरों पर विचार–विमर्श किया। कार्यक्रम के अंत में प्रायोजकों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और दिवाली मिलन के साथ समारोह का समापन हुआ। उन्होंने भविष्य में भी व्यापारियों के हित में ऐसे ज्ञानवर्धक एवं संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी टीम में प्रदेश अध्यक्ष अमित गुप्ता कासनिया के अलावा हिसार से प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक बंसल, फरीदाबाद से सतीश गर्ग, रोहतक से प्रदेश महासचिव मामनचंद गोयल, दिल्ली से प्रदेश कोषाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता, पानीपत से प्रदेश संयुक्त कोषाध्यक्ष नरेश बंसल मौजूद रहे। गुरुग्राम एवं नूंह (मेवात) से जिला प्रधान सुमित अरोड़ा, फरीदाबाद एवं पलवल से सीपी कालरा, मेवाती एवं चरखी दादरी से संजय अग्रवाल, महेंद्रगढ़ एवं नारनौल से प्रदीप अग्रवाल, रेवाड़ी से बहादुर सिंह सैनी, करनाल से अनूप सिंगला, झज्जर से रवि सिंघल, जींद से सुशील मित्तल, हिसार से श्याम जिंदल, सिरसा से पुरुषोत्तम गोयल, फतेहाबाद से नरेश सिंगला, कुरुक्षेत्र से सुनील कुमार, रोहतक से नरेंद्र देशवाल, पानीपत से नितिन गर्ग, सोनीपत से दीपक मंगला, अंबाला से परवीन जैन, कैथल से सुमित बंसल की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

समाज को बांटने वाली बयानबाजी करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो

लोक हस्तक्षेप समाचार

गुरुग्राम। सामाजिक संस्था भारत बचाओ संगठन द्वारा सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित शमां पर्यटन केंद्र परिसर में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के सदस्य शामिल हुए। समाज में वैमनस्य फैलाने और धार्मिक व जातीय भावनाओं को आहत करने वाले बयानों पर संगठन के संयोजक विक्रम सिंह यादव ने कहा कि एक तरफ देश के बुद्धिजीवी, धार्मिक और सामाजिक लोग आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए समाज को जोडने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग अपनी बयानबाजी से समाज को तोडने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर बागेश्वर धाम के कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री हिंदू राष्ट्र की बात करते हैं और दूसरी तरफ भगवान राम और श्रीकृष्ण के बीच भेद



पैदा कर रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप पर की गई टिप्पणी से समस्त कृष्ण भक्तों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए और उनके कार्यक्रमों पर आजीवन प्रतिबंध लगाया जाए। उन्हों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं राजनीतिक विश्लेषक संगीत रागी द्वारा एक राष्ट्रीय टीवी चौनल पर अहीर समाज के प्रति की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति समाज के एक वर्ग के प्रति ऐसी मानसिकता रखता है, वह विद्यार्थियों को क्या शिक्षा देता होगा। संगठन ने सरकार से प्रोफेसर संगीत रागी को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर सुबे सिंह कांग्रेस भगत सिंह, ललित कुमार ,अंबिका यादव अधिवक्ता, अभिषेक अरोड़ा, लालचंद आर्य आर्य समाज से ,सुनील मास्टर ,जगपाल यादव सहित मौजूद रहे।

बांग्लादेश में फिर भड़की हिंसा, मुहम्मद यूनुस के पुश्तैनी घर में लगाई आग

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं के बीच चटगांव में पूर्व अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के पुश्तैनी घर में बुधवार रात आग लगा दी गई। पुलिस ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। वहीं गोपालगंज में भी हिंसक वारदातें रिपोर्ट की गईं। स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी। बांग्लादेशी अखबार प्रोथोम आलो की रिपोर्ट के मुताबिक, चटगांव के पंचलैश इलाके में स्थित यूनुस के पैतृक आवास के भूतल पर बने एक खाली कमरे में रात करीब 11रू30 बजेआग लगाई गई। पंचलैश पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी मोजम्मेल हक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घर के आसपास पुलिस की नियमित गश्त चल रही थी। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने भूतल के एक खाली कमरे में आग देखी। इसके बाद वे तुरंत इमारत के भीतर पहुंचे और आग बुझा दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इमारत के भूतल पर कोई नहीं रहता है। घटना में शामिल लोगों की पहचान करने के लिए जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद घर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इमारत की दूसरी और तीसरी मंजिल पर प्रोफेसर यूनुस के दो भाइयों के परिवार रहते हैं। न्यूज एजेंसी बीएसएस के अनुसार, बांग्लादेश के गोपालगंज में बुधवार रात गोपालगंज–2 के सांसद केएम बाबर के आवास में भी तोड़फोड़ और आगजनी की घटना हुई।

जापान के दक्षिण-पश्चिमी इलाके में 5.7 तीव्रता का भूकंप

टोक्यो, एजेंसी। दक्षिण–पश्चिमी जापान के कुमामोटो प्रान्त में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 5.7 मापी गई। जापान की मौसम एजेंसी ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि लोगों को लगभग एक हफ्ते तक सतर्क रहना होगा, क्योंकि इसी तीव्रता का एक और भूकंप आ सकता है। इसका केंद्र अमाकुसा–अशिकीता क्षेत्र में था और यह जमीन से लगभग 10 किमी की गहराई पर आया था। जापान के भूकंप तीव्रता पैमाने (जो 0 से 7 तक होता है) पर, इस इलाके के कुछ हिस्सों में इसकी तीव्रता लोअर 5 दर्ज की गई।

